जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 147, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 23 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## उद्धव की शिंदे से गुजारिशः सीएम और पार्टी अध्यक्ष समेत सब पद छोड़ दूंगा, पर सामने आकर बात तो करिये, शिंदे ने नया चीफ व्हिप नियुक्त कर शिवसेना पार्टी पर ही दावा ठोका

# शिंदे का 'युद्ध', सीधे उद्धव के 'विरूद्ध'

### कुर्सी के साथ उद्धव के हाथ से पार्टी भी जाएगी!

| उद्धव के साथ | उद्धव के खिलाफ |
|---|---|
|  |  |
| शिवसेना 22 | |
| एनसीपी 53 | भाजपा : 106 |
| कांग्रेस 44 | शिवसेना के बागी: 34 |
| अन्य 10 | निर्दलीय : 17 |
| 129 कुल | 157 कुल |

नोट: ग्राफिक शिवसेना के बागी गुट की चिट्ठी के आधार पर है। अगर 37 विधायक पूरे नहीं होंगे, तो वोट नहीं डाल पाएंगे।

**मुंबई/गुवाहाटीः** गुवाहाटी के होटल रेडिसन में बैठे एकनाथ शिंदे के सरकार और पूरी शिवसेना पर दावा ठोंकने के महज डेढ़ घंटे बाद मुंबई के सीएम हाउस मैं बैठे उद्धव ने फेसबुक लाइव किया। कहने को वे लोगों से बातें कर रहे थे, लेकिन सारी बातें शिंदे के नाम थीं। उद्धव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री, पार्टी अध्यक्ष समेत सभी पद छोड़ने को तैयार हूं। बस नाराज विधायकों की जो भी मांगें हैं, वो सामने आकर तो कहते। "कुछ दिन पहले सर्जरी होने के कारण लोगों से मिल नही पाया, लेकिन इस वजह से कोई काम रुके नहीं। हिंदुत्व के लिए किसने क्या किया, यह बोलने की जरूरत नहीं, विधानसभा में हिंदुत्व पर बोलनेवाला मैं पहला मुख्यमंत्री था। बालासाहब की शिवसेना और अब की शिवसेना में कोई फर्क नहीं, उन्हीं के विचार लेकर चल रहा हूं, आज भी हूं, पहले भी था और आगे भी हिंदू रहूंगा। पिछले ढाई साल से मुख्यमंत्री हूं, तब से मेरे साथ बालासाहब की शिवसेना के हिंदू भी थे। उन्हें जो मिला, वो बालासाहब के बाद वाली शिवसेना ने ही उन्हें दिया ये याद रखें। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मेरा पास कोई अनुभव नहीं था, अलग रास्ता भी अपनाना पड़ा, जो भी हुआ.. वो सब को पता है। पवार साहब और तीन




दलों की बैठक में पवार साहब ने कहा था, जिम्मेदारी आपको लेनी होगी। आप नहीं होंगे तो शिवसेना साथ नहीं चल पाएगी। कांग्रेस-राकांपा और शिवसेना को एकसाथ काम करना होगा तो आप ही नेतृत्व संभालें। पवार के कहने पर ही मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी ली। सोनिया भी फोन करती हैं। इसके पीछे मेरा कोई स्वार्थ नहीं है। इन सभी ने मुझे मदद की है। इसमें मेरा स्वार्थ नहीं था। अलग रास्ता लेने के बाद भी उसका कुछ अर्थ होना चाहिए। सभी ने अनुभव ना होते हुए भी मुझे संभाला। लेकिन मेरे ही लोगों को अगर मेरा मुख्यमंत्री होने पसंद नहीं तो वो यहां आकर भी बोल सकते थे। सूरत में जाकर बोलने की क्या जरूरत थी।

मुख्यमंत्री पद छोड़ कर, वर्षा बंगला छोड़कर मैं मातोश्री जाने के लिए तैयार हूं। मुझे सत्ता का मोह नहीं। मेरे पास आकर ये बात रखनी चाहिए थी। 2014 का चुनाव हमने अपने दम पर और हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ा था। हमने उस वक्त भी कठिन परिस्थियों में चुनाव लड़ा था। इस बात का ध्यान रहे कि 2014 के बाद जो लोग बोल रहे हैं कि शिवसेना बाला साहेब ठाकरे वाली नहीं रही। वो लोग ध्यान रखें कि नई शिवसेना से ही हमें मंत्री पद मिले।

**भाजपा वेट एंड वाच मोड में**

भाजपा फिलहाल भाजपा वेट एंड वाच की स्थिति में है। मुंबई के अलग-अलग इलाकों में बीजेपी नेता मीटिंग कर रहे हैं। एनसीपी की मीटिंग वाईबी चव्हाण हॉल में हुई है। इसमें पार्टी के सभी विधायकों को शरद पवार से संबोधित किया है। बालासाहब थोराट के बंगले पर कांग्रेस के विधायकों की बैठक हुई। इसमें कमलनाथ ने सभी विधायकों को संबोधित किया है।

## एमपी का 'ऑपरेशन लोटस' महाराष्ट्र में रिपीट

**भोपालः मध्यप्रदेश** का सियासी चैप्टर महाराष्ट्र में दोहराया जा रहा है। साल 2018 में जिस तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायकों ने कांग्रेस से बगावत की... विधायक भोपाल से बेंगलुरु शिफ्ट किए गए... ठीक वैसा ही सीन अब महाराष्ट्र में भी देखा जा रहा है। एकनाथ शिंदे विधायकों को लेकर सूरत में कैंप किए रहे। बाद में विधायक गुवाहाटी (असम) शिफ्ट कर दिए गए। यानी साफ कहा जाए तो एमपी की तरह महाराष्ट्र में भी बीजेपी ने पॉलिटिकल ड्रामे की स्क्रिप्ट तैयार कर रखी है। मध्यप्रदेश में हो चुकी और महाराष्ट्र में अब हो रही सियासी उथल-पुथल में बहुत कुछ समान है।

सिंधिया की तरह शिंदे की सीएम बनने की महत्वाकांक्षाः एमपी में ज्योतिरादित्य सिंधिया की महत्वाकांक्षा मुख्यमंत्री बनने की थी। महाराष्ट्र में भी एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे की जगह खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। दोनों राज्यों में बगावत की एक जैसी वजह बनी।

फर्क सिर्फ इतना है कि सिंधिया-कमलनाथ विवाद सड़क पर आ गया था। महाराष्ट्र में शिंदे की नाराजगी सामने नहीं आई। मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव में दूसरे नंबर का उम्मीदवार बनाए जाने पर सिंधिया को हार जाने की आशंका थी। इसलिए चुनाव से पहले ही उन्होंने पाला बदल लिया। महाराष्ट्र में भी एमएलसी चुनाव में शिंदे समर्थक विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते बीजेपी ने अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताकर राज्यसभा भेज दिया।

## अग्निपथ योजना को भी लेना पड़ेगा वापस : राहुल

**नई दिल्लीः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार को सेना में जवानों को भर्ती करने से जुड़ी अग्निपथ योजना को आखिरकार वापस लेना होगा। उन्होंने कहा कि देश के युवा जानते हैं कि देश भक्ति का असली अर्थ देश को मजबूत करना है। अग्निपथ से सेना और राष्ट्र दोनों कमजोर होंगे। कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि सरकार योजना को वापस ले। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों और विधायकों के समक्ष राहुल गांधी ने प्रवर्तन निदेशालय से जुड़ी पूछताछ और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बात रखी। पार्टी पिछले कुछ दिनों से केंद्र सरकार की कथित प्रतिशोध की



राजनीति और अग्निपथ योजना को लेकर सत्याग्रह कर रही है। राहुल ने कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार को कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था उसी तरह से अग्निपथ योजना को भी वापस लेना पड़ेगा। देश का युवा इसके लिए पार्टी के साथ खड़ा होगा। प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ के बारे में राहुल गांधी ने कहा कि वह इस दौरान अकेले नहीं थे और उनके साथ पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता था। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को थकाया जा सकता है लेकिन पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं को कोई नहीं थका सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सच्चाई के लिए लड़ते हैं। उनकी इसी शक्ति के कारण ईडी के नेताओं को भी समझ में आ गया की पार्टी कार्यकर्ता को डराया, दबाया, या धमकाया नहीं जा सकता। राहुल ने कहा कि देश के लिए इस समय सबसे जरूरी रोजगार का मुद्दा है। केंद्र की मोदी सरकार ने रोजगार देने वाली इस रीड की हड्डी को तोड़ दिया है। युवाओं के पास आखिरी विकल्प के तौर पर सेना थी।

## अवैध निर्माणों पर चलाए बुलडोजरः योगी सरकार

**नई दिल्लीः** यूपी में विवादित संपत्तियों पर बुलडोजर चलाए जाने को लेकर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अहम दलीलें दी हैं। यूपी सरकार ने इस कार्रवाई का बचाव करते हुए शीर्ष कोर्ट में कहा कि संपत्तियों पर बुलडोजर नियमानुसार चलाए जा रहे हैं, इसका दंगाइयों के खिलाफ कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। उत्तर प्रदेश में हाल ही में की गई बुलडोजर कार्रवाई को जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उसकी अर्जी के जवाब में यूपी सरकार ने शीर्ष कोर्ट में हलफनामे में यह दलीलें दी हैं।

## अफगानिस्तान में भूकंप से तबाहीः 1000 की मौत



**काबुलः** अफगानिस्तान में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। यहां 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद चारों तरफ बबार्दी और तबाही का ही आलम दिखाई दिया। अफगानिस्तान के एक अधिकारी के मुताबिक, इस भूकंप में अब तक 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है।

वहीं 1500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की भी सूचना है। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के कारण सैंकड़ों घर भी तबाह हो चुके हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के खोस्त शहर से करीब 44 किलोमीटर दूर था और 51 किलोमीटर की गहराई में था। ये भूकंप इतना तेज था कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के लाहौर, मुल्तान, क्वेटा में भी लोगों को झटके महसूस हुए। इसके अलावा भारत में भी झटके महसूस किए जाने की खबर है।

**पाकिस्तान में भी आया भूकंपः** इससे पहले मंगलवार देर रात पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां रात दो बजकर 24 मिनट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। राहत की बात यह है कि पाकिस्तान में आए भूकंप में किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इसके अलावा देर रात मलेशिया में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता यहां 5.1 रही।

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में साथ काम करेंगे भारत-ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्लीः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया समान लोकतांत्रिक मूल्य साझा करते हैं, जिसमें मुक्त और खुले हिन्द प्रशांत का विजन शामिल है। दोनों देशों के डिफेंस और सुरक्षा क्षेत्र में नजदीकी संबंध हिन्द प्रशांत में स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। रिचर्ड मार्लेस ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। वह 20 जून को गोवा पहुंचे और उन्होंने मंगलवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड का दौरा किया। बाद में वह भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस हंसा को भी देखने गए। आज सुबह दिल्ली पहुंचने पर रिचर्ड मार्लेस और रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करके युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि दी। राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## राष्ट्रपति चुनावः द्रौपदी 24 जून को करेंगी नामांकन

**नई दिल्लीः** देश के सर्वोच्च पद यानी राष्ट्रपति के लिए 18 जुलाई को वोटिंग है। विपक्ष की तरफ से यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि भाजपा ने उड़ीसा की आदिवासी महिला नेता और झारखंड की पूर्व गवर्नर द्रौपदी मुर्मू पर दांव खेला है। एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू 24 जून 2022 को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। वहीं, एनसीपी चीफ शरद पवार के मुताबिक, विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा 27 जून को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। राष्ट्रपति पद का चुनाव 18 जुलाई को होगा। वोटों की गिनती 21



जुलाई को होगी। नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंतिम तिथि 29 जून है।

**झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं मुर्मूः** ओडिशा की रहने वाली द्रौपदी मुर्मू इससे पहले झारखंड की पहली महिला आदिवासी राज्यपाल भी रह चुकी हैं। उनकी उम्र 64 साल है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद मुर्मू के नाम का एलान करते हुए कहा कि इस बार पार्टी नेताओं के बीच राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए 20 नामों पर चर्चा हुई। इसमें तय हुआ कि इस बार चुनाव के लिए पूर्वी भारत से कोई, महिला और आदिवासी होना चाहिए। द्रौपदी मुर्मू अगर यह चुनाव जीतती हैं, तो वे राष्ट्रपति बनने वाली पहली आदिवासी महिला होंगी। उनसे पहले नीलम संजीव रेड्डी देश के सबसे युवा राष्ट्रपति रहे थे। इससे पहले आज ही विपक्ष ने यशवंत सिन्हा को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

### मार्च के बाद फिर एक्टिव केस 80 हजार के पार

## फिर पैर पसार रह कोरोना, बरतें सावधानी

**नई दिल्लीः** देश में कोरोना केस एक दिन की गिरावट के बाद फिर से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में 12,150 नए केस मिले हैं। कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 80 हजार के पार पहुंच गई है। मार्च के बाद ये पहली बार है, जब इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। 1 मार्च को 85,680 एक्टिव केस दर्ज किए गए थे।

**सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में आए केसः** महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे 3,659 केस मिले हैं। यहां 3,356 मरीज ठीक हुए और 1 मरीज की मौत हुई। महाराष्ट्र में



फिलहाल एक्टिव मामले 24,915 हैं। मंगलवार को 39,094 कोविड टेस्ट किए गए और पॉजिटिविटी रेट 9.36% दर्ज किया गया है। एक दिन पहले राज्य में 2,354 नए केस मिले थे और पॉजिटिविटी रेट 10.36% दर्ज किया गया था।

**केरल में पॉजिटिविटी रेट 17.76%:** महाराष्ट्र के बाद केरल में 2,609 नए केस दर्ज किए गए हैं। यहां इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 22,593 और पॉजिटिविटी रेट 17.76% दर्ज किया गया। देशभर में सबसे ज्यादा मौतें केरल में 8 हुई हैं। ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 2,286 है। सोमवार को केरल में 2,786 मामले आए थे और पॉजिटिविटी रेट 16.08% पाया गया था।

**दिल्ली में पॉजीटिविटी रेट 7.01%:** दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1,383 नए केस दर्ज किए गए। पॉजिटिविटी रेट भी घटकर 7.22% हो गया है, जोकि एक दिन पहले 10.09% था। पिछले 24 घंटे में 19,165 सैंपल की जांच की गई है। वहीं, मंगलवार को कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, एक्टिव केस की संख्या 5,595 है।

**कर्नाटक में मिले 700 से ज्यादा नए मामलेः** कर्नाटक में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 738 मामले सामने आए हैं।

## कानपुर हिंसाः हाशमी को फंडिंग करने वाला मुख्तार गिरफ्तार

**कानपुरः** कानपुर हिंसा मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) को मुख्य आरोपित को फंड उपलब्ध कराने वालों के बारे में अहम सबूत मिले हैं। हिंसा भड़काने में आर्थिक सहयोग करने वाले बिरयानी कारोबारी मुख्तार बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत 03 जून को कानपुर कमिश्नरेट के बेकनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परेड, नई सड़क पर सैकड़ों उपद्रवियों ने पथराव किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और उपद्रव एवं हिंसा करने वालों पर कार्यवाही शुरू कर दी। प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की जांच में मुख्य आरोपित हयात जफर हाशमी को फंडिंग करने वालों के विषय में अहम सबूत मिले।



## खबर संक्षेप

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडे के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नैनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भंड़रा क्रॉसिंग रीवा रोड रमजान भट्ठा के समीप से बुधवार सुबह अभियुक्त मोहम्मद शाहबाज पुत्र शहदत अली निवासी भंड़रा को गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर 1 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने म्यूजिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा।

### पूर्व प्रधान तथा पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य के निधन पर शोक

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सहसों में बुधवार को भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष एवं भाजपा गंगापार के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा की गई। जिसमें तहसील न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व ग्राम प्रधान महरौड़ा संत बहादुर पटेल तथा पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ननका का पूरा उमरी बजरंग बहादुर पटेल के असामयिक मृत्यु हो जाने पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, प्रमुख फूलपुर वीपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव, अनिल सरोज, पवन कुमार शुक्ला, जितेंद्र सिंह पटेल, अनिल पटेल, संजय सिंह, रामसागर प्रधान, अंकित सरोज, राहुल सरोज, अमन सिंह, दया सिंह सहित आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# सम्भावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## जिलाधिकारी ने बरसात के समय सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में बाढ़ एवं अतिवृष्टि के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बरसात के समय आने वाली सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश सभी सम्बंधित विभागों को दिए है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बाढ़ चैकियों को चिन्हित करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने जलभराव, नालों की सफाई, सीवर की सफाई एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश नगर निगम एवं जल संस्थान को दिया है। जिलाधिकारी ने बाढ़ के समय स्लूज गेटों के बंद होने पर पानी की निकासी के लिए पम्पों की क्रियाशीलता को चेक कराते हुए उनको क्रियाशील बनाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को पशुओं की दवाईयों, टीकाकरण, भूसा-चारा एवं पेयजल की समुचित एवं पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को बाढ़ के समय बाढ़ से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था, ब्लीचिंग, फागिंग, कीटनाशक एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराये जाने हेतु पहले से सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया है कि जहां पर पिछले वर्ष डेंगू का प्रकोप अधिक था, वहां पर साफ-सफाई का विशेष अभियान पहले से ही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को बाढ़ के समय प्रभावित होने वाले सड़कों एवं पुलियों की मरम्मत की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु कहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ढीले एवं जर्जर तारों एवं जर्जर पोलों को पहले से ही ठीक कराये जाने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया है। उन्होंने नांव एवं मोटर बोट की उपलब्धता भी सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा बाढ़ चैकियों में पुलिस पेट्रोलिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग को कहा है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणकर बाढ़ चैकियों एवं शरणालयों को चिन्हित किए जाने एवं उनकी स्थापना के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी के टैंकर की भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। बाढ़ से सम्बंधित सूचना की जानकारी के सम्बंध में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका नम्बर नं0 0532-2641577,0532-2641578 है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की बैठक संपन्न



**मेजा रोड।** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय श्याम नगर में न्याय पंचायत स्तरीय परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की बैठक में निपुण भारत मिशन को सफल बनाने पर दिया गया जोर। बुधवार को परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की एक बैठक प्राथमिक विद्यालय श्याम नगर में सम्पन्न हुई, जिसमें शुक्लपुर न्याय पंचायत के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षक संकुल की इस बैठक में बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही निपुण भारत मिशन को शत प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प दुहराया गया। शिक्षक संकुल अरुण कुमार पटेल ने यूडाएस डेटा फीडिंग एवं चहक (स्कूल रेडिनेस) कार्यक्रम को लेकर विचार व्यक्त किया। मौके पर रहे शिक्षक प्रतिनिधि विनोद मिश्र ने शिक्षकों को संबोधित करते हुये कहा कि "बच्चों की लर्निंग सबसे महत्वपूर्ण विषय है। शिक्षकों को बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने की हर मुमकिन कोशिश करनी होगी। बेसिक शिक्षकों के ऊपर शिक्षा की मजबूत नींव रखने की अहम जिम्मेदारी है। इसके लिए निपुण भारत मिशन को सौ फीसदी कामयाब बनाना होगा।" बैठक में शोभनाथ पाण्डेय, अखिलेश दूबे, राजेश वर्मा, प्रदीप शर्मा, जयप्रकाश शुक्ल, गौतम मौर्य, अशोक कुमार यादव, जयशंकर पाण्डेय, जयंत कुशवाहा, शिवाकांत पाण्डेय, आलोक कुमार, लालापाल, संजय कुमार, भावना मिश्रा सहित कई शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## यमुना में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप



**नैनी।** अरैल घाट पर बुधवार सुबह एक युवक का शव देखकर नाविकों ने शोर मचाया।इसकी सूचना स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने।मल्लाहो की मदद से युवक का शव निकाला ।नैनी पुलिस ने छानबीन की तो उसके जेब से एक आईडी मिली। आईडी के आधार पर पता चला कि युवक शंकरगढ़ निवासी नफीस पुत्र इदरीश है।युवक की पहचान होने के बाद नैनी पुलिस ने शंकरगढ़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नफीस के परिजनों को बुलाया है। परिजनों से पूछताछ के बाद पता चलेगा कि कैसे और किन परिस्थितियों में शंकरगढ़ से युवक नैनी पहुंचा।पीएम रिपोर्ट से पता चलेगा कि युवक की मौत कैसे हुई।हालाकि पुलिस को शक है कि युवक ने यमुना में कूदकर जान दी है।

## एडीएम सिविल सप्लाई के निर्देश पर कोटेदार की हुई जांच



**प्रतापपुर।** पतवां नेवादा ग्राम पंचायत कोटेदार की जांच हेतु एडीएम सिविल सप्लाई खाद्य विभाग प्रयागराज को ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिया था जिसके अनुपालन में आलोक मिश्रा एआरओ, एआरओ जीतलाल यादव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम द्वारा बुधवार को प्राथमिक विद्यालय नेवादा पतवां प्रांगण में जांच हुई ग्रामीणों का बयान लिया गया। उपस्थित लोगों ने टीम के सामने अपने बयान को दर्ज कराया कोटेदार ने अपना पक्ष रखा जिस पर टीम द्वारा दोनों पक्षों का बयान दर्ज करते हुए अपनी जांच रिपोर्ट एडीएम खाद्य के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन देकर चली गई।इस अवसर पर पुलिस चौकी जंघई स्टाफ एवं सुनील कुमार मिश्र पिंटू प्रधान, विजय शंकर मिश्र, अशोक कुमार मिश्र,बृजेश मिश्रा, आशीष मिश्र, गोरेलाल सरोज, जोखन सरोज, सुरेश गौड़, विकास सरोज, रामबिलास, विजय शंकर, आनंद पांडेय, रामचन्द्र पांडेय, अनिल पांडेय, दिवाकर पांडेय, पंकज मिश्रा, गोली मिश्रा, विशाल मिश्रा सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# फूलपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ भव्य आयोजन

## फूलपुर सांसद व ब्लाक प्रमुख के साथ ही बीडीओ ने दिया नव दंपतियों को शुभाशीष





मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नव दंपतियों को शुभाशीष देती फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल व वैदिक मंत्रोच्चार कर वर -वधू का विवाह कराते पुरोहित

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** भाजपा सरकार द्वारा गरीबों के विकास व उत्थान के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों का कल्याण भी हो रहा है। वही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। उक्त बाते बुधवार को फूलपुर विकास खण्ड परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित फूलपुर संसदीय क्षेत्र की सांसद केसरी देवी पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि बेटियां दो घरों की जिम्मेदारियां सभालती है। गरीब परिवार बेटी की शादी को लेकर काफी परेशान रहता है। ऐसे में सरकार गरीब बेटियों का हाथ पीला करके उनकी चिंता को दूर करने का काम कर रही है। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख फूलपुर बिपेंद्र सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को खुशियों का पल बताते हुए सभी अतिथियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को इस पुनीत कार्य में सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में वर वधू के दस जोड़े का मंत्रोचार के साथ विधि विधान से विवाह कराकर उन्हें प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सामूहिक विवाह समारोह में खंड विकास अधिकारी प्रवीणानंद,भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष बिरेंद्र बहादुर उर्फ वीडियो सिंह,भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री साक्षी तिवारी,विजय लक्ष्मी चंदेल,भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्याम बाबू गुप्ता,मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण प्रकाश पटेल ,जेई हौसला प्रसाद मिश्र,जेई सच्चिदा नंद पटेल, सचिव अमित कुमार सिंह,शशि यादव, राकेश पटेल, धीरेन्द्र कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## जसरा सामूहिक विवाह में दस जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**जसरा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खंड जसरा में दस जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे के संग जीने मरने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने सबको प्रमाण पत्र देकर विदा किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बुधवार को संपन्न हुए विवाह समारोह में जसरा ब्लॉक की चार और शंकरगढ़ ब्लॉक के छः जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। पंडितों द्वारा विधि विधान के साथ मंडप में वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। खंड विकास अधिकारी जसरा डा० सपना अवस्थी व शंकरगढ़ बीडीओ रामविलास राय ने वर वधू को बिछिया देकर दीघार्यु होने की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में दस जोड़ों ने एक दूसरे को वर माला पहनाकर जीवन साथी चुना। कार्यक्रम के अन्त में वर वधू को गृहस्थी की सामग्री के साथ 35000 रुपए दिये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जसरा जगतनारायण शुक्ल व कार्यक्रम का संचालन जीतेन्द्र कुमार गौड़ ने किया। विवाह समारोह में एडीओ पंचायत श्यामलाल तिवारी, राकेश सिंह, वेद विज्ञान शुक्ल,प्रधान संघ अध्यक्ष दारासिंह पटेल, जिलापंचायत सदस्य सुरेन्द्र सिंह पटेल,मनोज प्रजापति,देवांशिका सिंह,अमरेश सिंह,सुनील पटेल,राममनोहर कुशवाहा, भीमसिंह पटेल, विजय बी पटेल, बृजेश सोनकर,राजा सिंह अशोक तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 29 परिणय सूत्र में बंधे



**कोरांव।** मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम कोराव के इंद्र प्रस्थ गार्डन में संपन्न हुआ। जिसमे कुल 29 जोड़ों ने शादी रचाई,जिसमें एक ने निकाह पढ़ा। उक्त कार्यक्रम में कोरांव के 16 तथा मांडा ब्लॉक के 11और टाउन एरिया कोरांव के एक मुस्लिम समुदाय के वर वधूओं ने सामूहिक विवाह में विवाह किया। जिसमे पंडित राकेश कुमार शुक्ला,हाफिज मौलवी इतारुद्दीन ने वैवाहिक कार्य को अंजाम दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कोराव राजमणि कोल,ने सभी वर बधुओं को आशीर्वाद दिया। सुखमय जीवन व्यतीत किए जाने की कामना की। उन्होंने भाजपा सरकार के कार्यकाल में सामूहिक विवाह से गरीबों को मिलने वाली सहूलियतों की जिक्र किया। और सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध दस दस हजार रूपए का उपहार भेंट किया । शेष 35 हजार रुपए पुत्री के खातों में ट्रांसफर किए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में लंच की भी व्यवस्था रही। विवाह कार्यक्रम में विवाह आयोजन समिति के प्रभारी खंड विकास अधिकारी कोराव,मांडा मुकेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का खैर मकदम किया और सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल,मांडा ब्लॉक प्रमुख श्रीमती प्रगति सिंह,चेयरमैन कोरांव नरसिंह कुमार केशरी उर्फ गोपाल जी,श्रीमती संतरा देवी, एडीओपी डीसी पाठक, एडीओ मांडा विनोद कुमार दुबे,रामाश्रय शुक्ला,विधायक पीआरओ,सिवाकांत पांडेय,राजू सिंह प्रधान,समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी,सभी ने वर वधुओं को हार्दिक बधाइयां दी।

# बालिकाओं के सवार्गीण विकास के लिए निगम कृत संकल्प : अनिल कुमार

## मेजा ऊर्जा निगम में एक माह से चल रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश



बालिका सशक्तिकरण अभियान समारोह में भागीदारी करती बालिकायें

**मेजा।** बालिकाओं के चहुमुखी विकास और सशक्तिकरण के उद्देश्य से विगत एक माह से मेजा ऊर्जा निगम में चलाये जा रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान का समापन विगत सोमवार को एक भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रवासीय कार्यक्रम में बालिकाओं को योग और आत्मरक्षा, बुनियादी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, पेटिंग, नृत्य आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अभियान की शुरूआत मंडलायुक्त प्रयागराज संजय गोयल ने किया और कार्यक्रम के दौरान बालिकाअयों को प्रेरणा देने के लिए समाज में उपलब्धि हासिल की हुई महिलाओं से भी समय-समय पर मुलाकात करायी गयी। बालिकाओं के अंदर आए सकारात्मक बदलाव और आत्मविश्वास से अभिभावक अभिभूत दिखे और उन्होने मेजा ऊर्जा निगम और एनटीपीसी के इस प्रयास की जमकर प्रसंसा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परियोजना प्रमुख अनिल कुमार ने कहा कि मेजा ऊर्जा निगम बालिकाओं के सर्वागिण विकास के लिए कृत संकल्प है। उन्होनें कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सम्बन्धित विभाग एवं अधिकारियों और अपराजिता महिला सामज का आभार प्रकट किया। गौरतलब है कि बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम एनटीपीसी द्वारा अपनी परियोजनाओं और स्टेशनों में आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है। इस मौके पर श्रीमती अनुराधा शर्मा अध्यक्ष, अपराजिता महिला समाज, पीयूष कुमार महाप्रबंधक (ओ एण्ड एम), पी के साबत जीएम (सी एण्ड एम), संजय शुक्ला जीएम (एमई), अखिल पटनायक एजीएम (एचआर) एवं मेजा ऊर्जा के निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी साथ ही भाग लेने वाले बच्चों के माता-पिता ग्राम प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पशुओं को गलाघोंटू बीमारी से बचाव के लिए लगवाएं टीका : डॉ एसएन यादव

### 2 वर्ष तक के भैंस बच्चों में गलाघोटू की अधिक होती है संभावना



**रत्योंरा।** मानसून आने के पहले पशुपालक अपने सभी पशुओं को गलाघोटू जैसी भयावह बीमारी से सुरक्षा एवं बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य करा लें, जिससे इस भयावह बीमारी से पशुओं को बचाया जा सके। यह बातें पशु चिकित्साधिकारी कोरांव डॉ एसएन यादव ने कही है। उन्होंने कहा कि मानसून आने के 15 दिन पहले टीकाकरण जरूरी होता है। क्योंकि मानसून आने के बाद कभी मौसम अधिक नरम होता है तो कभी अधिक गर्म होता है। इसी मौसम में पशुओं को गला घोटू की बीमारी फैलती है। इससे बचाव के लिए मानसून आने के पहले टीकाकरण बहुत जरूरी होता है। डा एस एन यादव ने गलाघोंटू बीमारी के बारे में बताते हुए कहा कि यह रोग भैंस के 2 वर्ष तक के बच्चों में अधिक होने की प्रबल संभावना होती है। जिससे बच्चों एवं गाभिन भैंस को भी गला घोटू का टीका लगवाएं। कहा कि 7 माह के ऊपर की गाभिन भैंस को टीका न लगवाएं। खुरपका मुंहपका जैसी बीमारी के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी गलाघोटू का ही टीकाकरण कार्य शुरू है और लगाया जा रहा है। सभी पशुपालक अपने पशुओं को टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि खुरपका एवं मुंहपका का टीका कोरोना काल के बाद नहीं आ रहा है, और न ही लगाया जा रहा है। जबकि खुरपका एवं मुंहपका का टीका प्रत्येक 6 महीने पर पशुओं को लगना चाहिए और कोरोना काल के पूर्व नियमित लगाया जाता था। इस समय टीका भारत सरकार की ओर से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे पशुओं को खुरपका मुंहपका का टीका लग पाना संभव नहीं हो रहा है। गला घोटू जैसी गंभीर बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए पशु चिकित्साधिकारी कोरांव डा एसएन यादव ने प्रत्येक ग्राम प्रधानों से टीकाकरण कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

# न्यूज झरोखा

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने किया योग



**रत्योंरा।** विकास खण्ड कोरांव के ग्राम पंचायत अल्हवा के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में अंतराष्ट्रीय योग अमृत महोत्सव का समापन योग दिवस पर भव्य आयोजन कर मनाया गया। जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे मण्डल मंत्री अखिल भारतीय प्रधान संघ प्रयागराज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि योग करके निरोग होकर आत्मविस्वास एवं धैर्य विवेक बढ़ाने अपने स्वास्थ्य के बेहतरी के लिए नियमित रूप से योगा करने की अपील की, उन्होंने कहा कि योगा ड्रेस नियमित करने वालो को देने की भी घोषणा की। प्रधान शहजादे ने प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों एवं गाँव के प्रत्येक पदाधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि समय से अपने जिम्मेदारियों का सभी निर्वहन करें जिससे मजबूरन बतौर प्रधान मुझे लिखा पढ़ी कार्रवाई ग्रामीणों के शिकायत उपरांत न लेना पड़ें।योग सप्ताह शिविर में प्रत्येक दिन नियमित रूप से शिक्षामित्र रामबहादुर ने गांव वालों को योगा अभ्यास कराया। कार्यक्रम में पंकज दीक्षित प्रधानाध्यापक, उपासना सिंह सहायक अध्यापक , रामबहादुर सिंह शिक्षामित्र, सूर्यदीन सिंह रोजगार सेवक, अखिलेश सिंह पंचायत सहायक, सोनकली आंगनवाड़ी, प्रेम लता सहायिका, बिट्टो बेबी आसा कार्यकर्ती, सरयू प्रसाद, शमीम बेगम, रमाकांत समेत सभी वार्ड के सदस्यगण एवं बड़ी सँख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।इसीप्रकार पूर्व माध्यमिक विद्यालय करपिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्य संदीप कुमार तेजनारायण कुशवाहा अंकित धनेश्वर धीरज व शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## योग से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : अमरनाथ यादव



**जंघई।** भाजपा जंघई मंडल द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित विश्व के आठवें योग दिवस कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी व गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि योग करने से हमारा शारीरिक मानसिक विकास होता है तन मन के विकार दूर होते हैं तथा नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और शरीर मन हृदय परिवार समाज राष्ट्र प्रफुल्लित होता है।योग शरीर की हर चीज के प्रति जागरूक बनाता है और जागरूकता का एक भाव पैदा करता है।उन्होंने कहा, ह्ययोग हमारे लिए शांति लाता है। योग से शांति केवल लोगों को नहीं मिलती, योग हमारे समाज में भी शांति लाता है। योग हमारे राष्ट्रों और विश्व में शांति लाता है और योग हमारे ब्रह्मांड में शांति लाता है।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता उर्फ तोगड़िया, जिला प्रतिनिधि कैलाश चन्द तिवारी, राजू भाईसाहब, महामंत्री प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष रामधारी सरोज, मनोज श्रीवास्तव, युवामोर्चा अध्यक्ष शुभम शुक्ला, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य राजा मौर्य, व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल सयोंजक मनीष जायसवाल, शक्तिकेन्द्र सयोंजक बचाऊ लाल गुप्ता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जायसवाल, महामंत्री व्यापार मण्डल महेंद्र जायसवाल, पूर्व प्रधान राजेश जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा भाई प्रियांशु यादव, शैलेश पाठक खंड विद्यालय प्रमुख, राजबली गौतम, मिथुन यादव, गोलू गुप्ता, विशाल गुप्ता, सुभाष गुप्ता, लकी सोनी, संजय उमर वैश्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## जसरा में ब्लाक व क्षेत्र के लोगों ने किया योग



**जसरा।** विकास खंड जसरा परिसर में आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग के लिए ब्लॉक व क्षेत्र के समस्त लोगों को योगाभ्यास योग गुरू आशीष जायसवाल द्वारा कराया गया। विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास सुबह 7 बजे से सुबह आठ बजे तक प्रतिदिन 20जून तक कराया जाना प्रस्तावित है। एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी ने बताया कि योगाभ्यास का आज दूसरा दिन है। योगाभ्यास में प्रतिभागियों नेआसन,ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम,कपालभाति,अनुलोम, विलोम जो शासन द्वारा दिये गए प्रोटोकॉल के अनुरूप है। मास्टर ट्रेनर आशीष जायसवाल सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। इसी तरह तातारगंज,परसरा, पचखरा,छिड़िया, बुदांवा अमरेहा आदि दर्जनों गांवों में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर श्यामलाल तिवारी,उपेंद्र कुमार द्विवेदी, सुधांशु मिश्र,दिलीप तिवारी,अमरजीत यादव,जीतेंद्र गौड़,दारासिंह पटेल,राजकुमार,रमेन्द्र द्विवेदी,प्रधान राम मनोहर कुशवाहा,बृजेश सोनकर, आशीष सोनकर, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जीजीआईसी जसरा मे मनाया गया योग दिवस



**जसरा।** राजकीय बालिका इंटर कालेज जसरा मे योग दिवस के अवसर पर योग किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने छात्राओं से प्रतिदिन योग करने की अपील के साथ उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोली कि योग स्वस्थ रहने के साथ ही पूरे विश्व मे अपना देश योगगुरु के नाम जाना जाता हैं और देश मे ही नहीं बल्कि विदेशों मे योग को अब बहुत महत्व दिया जाने लगा हैं। गृह विज्ञान की प्रवक्ता रीना यादव के मुताबिक प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति स्वस्थ होता हैं जिससे एकाग्रता, बौद्धिक विकास बहुत ही तीव्र गति से होता हैं। प्रवक्ता गीता पाण्डेय के मुताबिक नियमित योग से व्यक्ति अपनी आयु तो पूरी करता ही हैं इसके साथ ही वह जानलेवा बीमारियों से कोशों दूर रहता हैं। गीतांजलि, रेखा रानी सहित केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल के द्वारा भी योग की महत्ता पर जानकारी प्रदान की गयी। समाजसेवीं अभिषेक सिंह पटेल ने उपस्थित छात्राओं से वर्षा ऋतु मे वृक्षारोपण करने की भी अपील किये।शिवानी द्विवेदी,प्रिया पटेल, दिव्या यादव, वैष्णवी केसरवानी, स्वाती पाठक समेत डेढ़ दर्जन छात्राओं ने योग कार्यक्रम मे भाग लिया।

## शरीर की सुरक्षा के लिए करें योग रीता त्रिपाठी



**करछना।** अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवश पर उच्च प्राथमिक विद्यालय जगौती करछना प्रयागराज में योगासन योगाभ्यास विधिवत किया गया १६ जून से लगातार विद्यालय स्टाफ बच्चे व? गांव के गणमान्य लोगों ने योगाभ्यास किया योग टीचर रीता त्रिपाठी ने बताया कि योग दिवश विश्व भर में प्रति वर्ष २१ जून को मनाया जाता है योग एक प्राचीन शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है डा दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई थी योग शब्द संस्कृत से निकालता है और इसका अर्थ है शरीर और चेतना का जुड़ना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना का मसौदा प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा प्रस्तावित किया गया और १७५ देशों ने इसका समर्थन किया योग करने वालों में अन्जुम तनवीर प्रधानाध्यापक रीता त्रिपाठी दीप्ति निगम आशा सोनी किरन? मिश्रा सुमन देवी सीमा देवी नफोसा बेगम आनन्द पटवा बिशाल कुमार योगा के बाद बिद्यालय की पधानाचार्या अन्जुम तनवीर ने सबको विधिवत जलपान कराया।

## राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने पर विधायक ने हर्ष व्यक्त किया




**कोरांव।** श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को एनडीए तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने पर विधायक कोरांव राजमणि कोल ने हर्ष व्यक्त किया। विधायक ने कहा की प्रथम आदिवासी वो भी एक महिला उम्मीदवार बनाया जाना अत्यंत प्रसन्नता की बात है और आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात की है, देश के सर्वोच्च पद पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी आदिवासी महिला को बनाकर पूरे आदिवासी समाज को सम्मान दिया है इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और पार्टी दोनो को हृदय से धन्यवाद आदिवासी समाज देता ह।

## खबर संक्षेप



### आरपीएफ पुलिस ने छिवकी व नैनी स्टेशन का निरीक्षण किया

**नैनी।** सोमवार को आरपीएफ पुलिस ने छिवकी व नैनी स्टेशन का निरीक्षण कर स्टेशन की शांति व्यवस्था को देखते हुए हर आने जाने वाले संदिग्धों से पूछताछ तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आरपीएफ पुलिस ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा की जा रही अग्निविर भर्ती योजना के विरोध मे, किये जा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध मे किया गया।जहाँ पर फ्ढ्ढक्रफ्ढरत्र जीआरपी व स्थानीय पुलिस के द्वारा स्टेशन पर की जा रही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सभी बल सदस्यों को सुरक्षा बंदोबस्त को मजबूत रखने के संबंध मे उचित दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान, उपजिलाधिकारी-करछना,व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ससुराल में विवाहिता का मिला शव,शरीर पर चोट के निशान



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामवासी

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को विवाहिता का शव घर में पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी। बताया कि विवाहिता के शरीर पर चोट के निशान हैं। पति पर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया।चंद्र प्रकाश ड्राइविंग का काम करता था । क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी चंद्र प्रकाश उर्फ लल्ला की शादी 2010 में संगीता उर्फ रीता से साथ हुई थी। चंद्र प्रकाश अहमदाबाद में रहकर ड्राइविंग का काम करता था। 15 दिन पहले वह घर आया था। बुधवार की सुबह संगीता (35) का शव घर में ही पड़ा मिला। घर वालों ने देखा तो इसकी सूचना मायके वालों को दी। मायके वालों ने इसी सूचना कोतवाली में दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।मृतका के परिजनों ने बताया कि विवाह के बाद से ही पति आए दिन संगीता से झगड़ा करता रहता था। मृतका के शरीर में चोट के कई निशान हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीती रात भी पति-पत्नी के बीच मारपीट हुई थी। मृतका के तीन बच्चे आदित्य कुमार (9), प्रभास कुमार (7) , राजवीर (6) हैं।

### पति बोला- काफी दिनों से बीमार थी पत्नी

पति चंद्र प्रकाश के मुताबिक मृतका काफी दिनों से बीमार थी। जिसका इलाज चल रहा था। बीमारी से ही उसकी मौत हुई है। हालांकि उसने बीती रात मारपीट की बात भी कबूल की है। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। पति चंद्र प्रकाश से पूछताछ की जा रही है।

## सब्जी विक्रेता की हत्या कर शव खेत में फेंका, गांव में सनसनी

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के अशोक नगर जमुई गांव में बुधवार सुबह गांव से कुछ दूर एक खेत में एक व्यक्ति की रक्तरंजित लाश देख गांव में हड़कंप मच गया। मृतक के भाई की तहरीर पर सोरांव पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।क्षेत्र के अशोक नगर जमुई गांव का रहने वाला सुभाष उर्फ पप्पू पुत्र लालता उम्र करीब (40) जो सब्जी की दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार देर शाम सुभाष घर नहीं पहुंचा तो उनकी खोजबीन शुरू हुई। सुबह उसकी लाश घर से कुछ दूर खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस समेत एसपी गंगापार पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए। घंटों जांच पड़ताल में पुलिस को हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिल सका।

# फांसी लगाकर विवाहिता ने दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरौत चौकी क्षेत्र के लमाही गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुर के ऊपर हत्या का आरोप लगाया। हंडिया कोतवाली के लमाही गांव निवासी विवाहिता अनीता देवी पत्नी संदीप सरोज उम्र करीब 25 वर्ष का शव मंगलवार की देर रात फांसी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे मृतिका के परिजनों ने ससुर राम आसरे सरोज पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंडिया थाने में सूचना दी। सूचना पर पहुंची हंडिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शिकायत पर पुलिस ने ससुर को किया गिरफ्तार

**पुलिस ने ससुर को हिरासत में लिया**

परिजनों के तहरीर के आधार पर हंडिया पुलिस ने मृतिका के ससुर राम आसरे सरोज को हिरासत में ले लिया है। मृतका का पति मुंबई में रहकर परिवार के भरम पोषण के लिए काम करता है। संदीप कुमार मुंबई में ही है । 2 वर्ष पहले 2020 में मृतिका की शादी हुई थी। परिजनों के मुताबिक शादी के बाद से ही ससुराल जनों के द्वारा लगातार दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित किया जाता था, जिससे तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या करने का कदम उठाई और खुद खुशी कर ली।

# बेली हॉस्पिटल में ऑपरेशन के 2 दिन बाद महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के टीबी सप्रू बेली अस्पताल से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां ऑपरेशन के दो दिन बाद एक महिला की मौत हो गई। इसमें डाक्टर पर लापरवाही आरोप लगाते हुए परिजनों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की है।परिजन का कहना है कि उनके मरीज की हालत ऑपरेशन के दूसरे दिन ही बिगड़ गई थी इसके बावजूद भी डॉक्टर नहीं आए। नर्स दवा पर दवा देती गईं। मंगलवार की देर शाम मरीज की हालत ज्यादा बिगड़ गई तो डाक्टर और पूरी टीम मरीज के पास पहुंचे लेकिन, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**गाल ब्लैडर का हुआ था ऑपरेशन :** प्रतापगढ़ के तिवारीपुर दुगागंज की रहने वाली 55 वर्षीय सुमन तिवारी का ऑपरेशन 18 जून का बेली में हुआ था। ऑपरेशन लेप्रोस्किक विधि से हुआ। परिजन का आरोप है कि ऑपरेशन के दूसरे दिन 19 जून को सुबह मरीज की हालत बिगड़ने लगी। कहने के बावजूद डॉक्टरों को नहीं बुलाया गया। नर्सों ने इंजेक्शन लगाया। अंत में 21 जून की शाम को जब हालत ज्यादा खराब हुई तो डाक्टर भी पहुंचे, लेकिन मरीज को बचाया नहीं जा सका। परिजन का यह भी आरोप है कि मौत बेली में ही हो चुकी थी उसके बाद भी एसआरएन में रेफर किया गया। डाक्टर का कहना है कि ऐसा नहीं है। मरीज की निगरानी की जा रही था।

### परिजनों का आरोप स्थिति बिगड़ने के दौरान नहीं आया कोई डॉक्टर



### दहेज उत्पीड़न के फर्जी मुकदमे में फंसाने की मिल रही धमकी

**हंडिया।** कोतवाली क्षेत्र के सैदाबाद चौकी अंतर्गत आने वाले हकीम पट्टी नाथीपुर गांव में बहू के द्वारा ससुराली जन को दहेज उत्पीड़न के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दिया जा रहा है। हकीम पट्टी गांव निवासी छत्तर पटेल ने बताया कि उनकी बहू सुनीता पटेल पत्नी अखिलेश पटेल के द्वारा आए दिन घर पर विवाद किया जाता है और दहेज उत्पीड़न के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है पीड़ित ने बताया कि 6 वर्ष पूर्व उसके बेटे अखिलेश की शादी सुनीता से हुई थी विवाह के दौरान दहेज में एक भी रुपए का लेन देन नहीं हुआ था और मैं स्वयं भी दहेज विरोधी हूं लेकिन बहू सुनीता पटेल के द्वारा आए दिन थाने में प्रार्थना पत्र देकर दहेज उत्पीड़न के मुकदमे फंसाने की धमकी दी जा रही है बहू के द्वारा यह बताया गया कि दहेज में उसे एसी फ्रिज कूलर सहित कई घरेलू सामान मिले थे लेकिन छत्तर पटेल ने बताया कि आज भी उनके घर में इस प्रकार की कोई भी सामग्री नहीं है। जबकि बहु सुनीता पटेल के द्वारा थाने में फर्जी प्रार्थना पत्र दिया गया है कि पति अखिलेश पटेल देवर विनय पटेल जेठ धीरेंद्र पटेल और जेठानी के द्वारा विवाहिता को परेशान किया जाता है जबकि विवाहिता स्वयं लगातार ससुराली जनों को फर्जी दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है।

# रामनाथ सुमन प्रियदर्शी विशेषांक का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेस**

**करछना।** मौलिक विचार एवं साहित्यिक सर्जना की प्रतिनिधि हिंदी मासिक पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा यमुनापार से विगत चार दशक से निरंतर प्रकाशित हो रही है और पिछले एक दशक से इस पत्रिका को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का मासिक मुखपत्र बना दिया गया है इस पत्रिका की गुणवत्ता में दिनों दिन निखार आ रहा है और पत्रिका ने एक नई श्रृंखला शुरू की साहित्यकार विशेषांक प्रकाशन की जिसके तहत अब तक तीन विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं श्री रामनाथ सुमन प्रियदर्शी विशेषांक डॉ राम लखन चौरसिया वागीश विशेषांक और श्रीमती तुलसी देवी तिवारी विशेषांक का प्रकाशन हो चुका है जो क्रमशः अप्रैल मई-जून में आया जुलाई अंक वृंदावन त्रिपाठी रत्नेश के व्यक्तित्व कृतित्व पर आधारित विशेषांक के रूप में 15 जुलाई को आ रहा है इसके पश्चात प्रयाग की कवयित्रियों पर विशेषांक निकालने की योजना है संपादक डा० भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि विशेषांक प्रकाशन में साहित्यकार का सहयोग अपेक्षित रहता है और उनकी रचनाओं एवं उनके व्यक्तित्व कृतित्व का सचित्र निरूपण पत्रिका में किया जाता है प्रयागराज की कई महिला साहित्यकारों ने विशेषांक प्रकाशन योजना में शामिल होने की इच्छा जताई है जिन का सम्मान किया जाएगा इन दिनों साहित्य जगत में पत्रिका अपना विशेष स्थान बनाती जा रही है और अब कई प्रदेशों में इसका विस्तार किया जा रहा है भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के साहित्य प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी श्याम नारायण श्रीवास्तव एवं प्रयागराज मंडल के साहित्य प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ राम लखन चौरसिया बागीश तथा महासंघ के कार्यालय प्रभारी श्याम सुंदर सिंह पटेल सहित प्रियदर्शी विशेषांक के लोकार्पण के अवसर पर रामनाथ सुमन प्रियदर्शी एवं पत्रिका के संपादक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय उपस्थित रहे लोकार्पण के पश्चात साहित्य पर एक चिंतन गोष्ठी भी आयोजित की गई जिसमें उपरोक्त साहित्यकारों ने साहित्य को अधिकाधिक समाजोपयोगी बनाने पर बल दिया विभिन्न विधाओं में नवोदित लेखकों को प्रोत्साहन देने के लिए भी योजना बनाई गई इसी के साथ साथ पत्रिका के आगामी विशेषांक पर भी विस्तृत रूपरेखा तय की गई विभिन्न जिलों से आने वाले प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया शीघ्र ही पत्रिका द्वारा विभिन्न जनपदों में साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की ओर से उपस्थित साहित्यकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### साहित्यांजलि प्रभा ने शुरू की साहित्यकार विशेषांक श्रृंखला




## न्यूज झरोखा

### रुद्रा संगम एलटीज वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



योग का अभ्यास करते रुद्रा अपार्टमेंट के अंतः वासी

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को रुद्रा संगम एलटीज सोसाइटी झूंसी ने सोसाइटी कैंपस में योग दिवस मनाया, करे योग रहे निरोग के उद्देश्य से सोसाइटी के सभी सदस्यों ने एक साथ कैंपस में खड़े होकर योग का अभ्यास किया इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष अनिल सिंह तथा पदाधिकारियों के साथ साथ वरिष्ठ सदस्य वीबी सिंह वीरेंद्र पाल आलोक मिश्रा संदीप सिंह पीसी मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे ।

### रोवर्स-रेंजर्स द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**प्रयागराज।** बुधवार को नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय की रोवेर्स क्रू/रेंजर्स टीम ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे रोपित किए तथा उसकी रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर रोवेर्स-रेंजर्स समन्वयक डॉ. विष्णु प्रसाद शुक्ल द्वारा पर्यावरण की उपयोगिता और महत्ता पर प्रकाश डाला गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में रोवर्स-रेजर्स की प्रभारी डॉ. साधना त्रिपाठी और डॉ. शक्तिनाथ त्रिपाठी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

### तेज रफ़्तार बाइक दुकान में घुसी एक की मौत युवक



मृतक उमाशकर यादव की फाइल फोटो

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के झूंसी कोटवा मार्ग पर बुधवार की दोपहर एक तेज रफ़्तार बाइक सड़क किनारे स्थित मकान में घुस गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेना चाह पर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पालीकरनपुर गांव निवासी सूर्यबली यादव किसान हैं। बुधवार को उनका 20 वर्षीय बेटा उमा शंकर यादव अपने साथी जुनेदपुर निवासी पंकज यादव 18 पुत्र पवन यादव के साथ बाइक से ककरा उपरहार गांव स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर घर की ओर लौट रहा था पहाड़ीपुर गांव में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित रामू यादव के चाय पान की बंद दुकान में घुस गई। हादसे में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में दोनों को इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उमा शंकर को मृत घोषित कर दिया और हालत गम्भीर होने के कारण पंकज को एसआरएन रेफर कर दिया। सूचना पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और मृत युवक की लाश कब्जे में लेना चाहा पर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। परिजनों के आग्रह पर पुलिस में पंचनामा कर लाश परिजनों को सौंप दिया। मृत उमा शंकर दो भाइयों में छोटा था और वह मुंबई में सिक्योरटी गार्ड की नौकरी करता था। बुधवार को ही वह घर आया था। जवान बेटे की असमय मौत से मां अनारो देवी का रो रो कर बुरा हाल था।

# भारतीय महिला शक्ति ट्रस्ट का हुआ गठन

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

**प्रयागराज।** आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हमारे देश की महिलाएं आत्मनिर्भर नहीं बन जाती हैं। महिलाओं के स्वावलंबन व उनके विकास के लिए ही भारतीय महिला शक्ति ट्रस्ट का गठन किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य सेवा, सुरक्षा व सहयोग से ही ग्रामीण महिलाओं को विकास की ओर अग्रसर करना है। यह बातें फूलपुर क्षेत्र के भुलई का पुरा गांव में आयोजित भारतीय महिला शक्ति ट्रस्ट के प्रांतीय कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित महिला शक्ति को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक दुलाल मुखर्जी ने सोमवार को हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में कहीं।ट्रस्ट के संस्थापक ने कहा- हमारा उद्देश्य पैसा कमाना नहीं, महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पैसा कमाना नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना है। जो आज भी अपने पति व अपने परिवार के पैसे पर आश्रित रहती है। और वह चाह करके भी अपनी जरूरतें नहीं पूरा कर पाती है। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा- संविधान ने जहां महिलाओं को स्वावलंबी बनाया, वहीं अब चिंताजनक हैं। कार्यक्रम का संचालन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रणविजय सिंह यादव ने करते हुए कहा कि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार ने जहां महिलाओं को स्वावलंबी बनाया है। वही विगत कई वर्षों के आंकड़े जो महिलाओं को रोजगार से जोड़ते हैं। वह चिंताजनक हैं, जिस पर हम सभी को विचार करने की प्रबल आवश्यकता है। देश की महिलाएं स्वावलंबी व आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। हमारे देश की महिलाएं स्वावलंबी व आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने किया। इस मौके पर कमलेश कुमार यादव, शिव भवन सिंह, प्रेमचंद विश्वकर्मा, जगदेव प्रसाद चौधरी, सहित सैंकड़ों महिला शक्ति उपस्थित रहे।

# उद्योगपति अनिल अंबानी और टीना अंबानी पर दर्ज मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में आपराधिक याचिका दाखिल कर उद्योगपति अनिल धीरूभाई अंबानी, उनकी पत्नी टीना अंबानी सहित परिवार व कंपनी के अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की गई है। अंबानी के खिलाफ बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाने में एक लाख पचास हजार करोड़ रुपये के घपले के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। 16 मई 2022 को दर्ज केस की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है। मामले में 29 जून को सुनवाई होगी।इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ. कौशल जयेंद्र ठाकर तथा न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की खंडपीठ के समक्ष स्वतंत्र पत्रकार पवन कुमार की याचिका की सुनवाई होनी थी। लेकिन समयाभाव के कारण इस याचिका की सुनवाई नहीं हो सकी। याची का कहना है कि इस मामले में विजय माल्या से दस गुना अधिक गंभीर धोखाधड़ी की गई है। सेबी ने जांच की और रिलायंस होम फाइनेंस कंपनी को फ्रॉड घोषित किया है।इस पर 1514 करोड़ बैंक व 570 करोड़ लेनदारों के पैसे का घपला करने का आरोप लगाया गया है। याची का कहना है कि स्थानीय पुलिस सही विवेचना नहीं कर सकती। इसलिए केस सीबीआई को स्थानांतरित किया जाए। याचिका में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को भी पक्षकार बनाया गया है। याची की अर्जी पर एसीजेएम बुलंदशहर के आदेश पर एफ आईआर दर्ज की गई है।

# विवादित भूमि पर हैंडपंप लगवाने को लेकर हुई जमकर मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के चौकी अंतर्गत चक नूरुद्दीनपुर उर्फ निगदिलपुर निवासिनी संतरा देवी पत्नी बलवीर पटेल का आरोप है कि गांव के ही दबंग रामजियावन व रामचंद्र पुत्रगण स्वामीनाथ, विमलेश पुत्र छोटेलाल, सुरेंद्र पुत्र महाजन तथा ग्राम प्रधान अखिलेश पटेल पुत्र छेदीलाल ने मेरी विवादित भूमि पर जिसका गाटा संख्या 299 पर हैंड पंप लगा रहे थे। जबकि इसका बटवारे का बाद तहसील फूलपुर में विचाराधीन है। इसको लेकर संतरा देवी ने विरोध जताया कि जब तक न्यायालय का फैसला नहीं होगा तब तक इसकी नवाइयात न बदले। पीड़िता का आरोप है कि इतना सुनते ही उक्त विपक्षीगणों ने एक राय होकर संतरा देवी को घसीट-घसीट कर मारे पीटे। जिससे संतरा देवी को अंदरूनी चोटें आने के कारण बेहोश हो गई। इतने में सूचना पर पीड़िता के घर वाले आए और आनन-फानन में घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वही पीड़िता ने किसी तरह सोरांव थाने में तहरीर देकर उक्त विपक्षीगणों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने पीड़िता का सीएचसी सोरांव में मेडिकल करवा दिया है। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने शहर रिफर कर दिया है। पीड़िता का आरोप है कि चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार सरोज मय फोर्स की मौजूदगी में यह मारपीट हुई है। जिसको लेकर क्षेत्र में तनाव व्याप्त है।

### ग्राम प्रधान संग आधा दर्जन लोगों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

### जमीनी विवाद को लेकर की गई मारपीट,दी तहरीर

**सोरांव।** स्थानीय थाना के चौकी बड़गांव अंतर्गत नगदिल पुर निवासी केशव प्रसाद सेन पुत्र स्वर्गीय राम लखन जो कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय बरेली में कार्यरत है। ज्यादातर अपने परिवार के साथ वहीं पर रहते है। पीड़ित केशवप्रसाद का आरोप है कि हमारे बड़े भाई कमला प्रसाद ने मेरी भूमि को गांव के ही महदेई पत्नी स्वर्गीय राम आधार के हाथो बेच दिए। जब इसकी जानकारी हमको हुई तो मैं अपने भाई को अपने हिस्से की जमीन को वापस करने की बात कही तो विपक्षी जमीन न देनी की बात कहा और जान से मारने की बात करने लगा। इतना ही नहीं बीते सोमवार 20 मई शाम लगभग 7 बजे पीड़ित केशव प्रसाद सेन की पत्नी सुमन देवी बाजार से सब्जी खरीदकर घर आ रही थी तभी गांव के ही कमला प्रसाद पुत्र राम लखन कृष्णा पुत्र मनोज कुमार रास्ते में चारपाई और कुर्सी लगाकर बैठे थे और रास्ता अवरुद्ध कर दिए थे। जब पीड़ित की पत्नी कुर्सी और चारपाई हटाने की बात कही तो विपक्षी तैस में आ गए प्रार्थी के घर लाठी डंडा, सरिया लेकर पीड़ित के घर पर आ गए और परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट किए विरोध करने पर गाली गलौज भी किए और जान से मारने की धमकी।देते हुए चले गए। जिससे पीड़ित का परिवार बहुत डरा सहमा है। इसको लेकर पीड़ित केशव प्रसाद सेन ने सोरांव थाने पर शिकायती पत्र देकर विपक्षियों के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की है। वही पीड़ित का आरोप है कि चौकी प्रभारी हमारी बात को नजर अंदाज करते हुए विपक्षियों की मिली भगत से कोई कार्यवाही नहीं करते है। जिससे आए दिन विपक्षी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देता रहता है।

### युवक किशोरी का अपहरण कर ले गया बाद में छोडकर फरार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक युवक किशोरी का अपहरण कर ले गया। दो दिन बाद छोड कर दिल्ली भाग गया। किशोरी की माता ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस किशोरी का मेडिकल चेकअप के लिए भेज दी है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरखपुर महरौंडा नईबस्ती निवासनीय एक चौदह वर्षीय किशोरी को एक युवक दो दिन पूर्व भगा ले गया था । बाद में किशोरी को छोड कर दिल्ली भाग गया। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में ग्राम सेमरावीरभानपुर निवासी मोहित कुमार यादव पुत्र राज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस किशोरी का मेडिकल चेकअप के लिए भेज कर आरोपी के परिजनों से पूछताछ कर रही है।

# अपनी मांगों को लेकर कम्प्यूटर आपरेटरों ने लगाई सीएम योगी से न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

### कृषि विभाग द्वारा हटाए जाने वाले किसान सेवा योजना से जुड़े 823 कंप्यूटर ऑपरेटर



**प्रयागराज।** कृषि विभाग से जुड़े चंद्रशेखर आजाद पार्क में काफी संख्या में संविदा कम्प्यूटर आपरेटर ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश की योगी सरकार से विभाग की तरफ से 823 कम्प्यूटर आपरेटरों को हटाए जाने से दुखी कम्प्यूटर आपरेटरों ने लगाई है सीएम योगी से गुहार। कृषि विभाग द्वारा संचालित पारदर्शी किसान सेवा योजना के अन्तर्गत साल 2014 और 2015 में सभी कम्प्यूटर आपरेटरों की नियुक्ति संविदा के आधार पर ज़िले के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर कृषकों को शासन द्वारा देय सुविधा का लाभ डीबीटी के माध्यम से करने हेतु किया गया था।जबकि उस समय सभी कम्प्यूटर आपरेटरों का मानदेय के रूप में 4 हजार रुपए दिया जाता था। लेकिन 7 साल के बाद बढ़ती मंहगाई को लेकर कम्प्यूटर आपरेटरों का मानदेय 7 हजार रुपए कर दिया गया। राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटरों का काम था पीएम किसान योजना के अन्तर्गत जिले के समस्त पात्र कृषकों का पंजीकरण करना, आधार वैलीडेशन के साथ बीज पेस्टीसाइड,हर्बीसाइड एंव नमामि गंगे योजना के डीबीटी एंव किसान ऋण मोचन योजना का कार्य इनसे लिया जाने लगा। लेकिन वहीं इसके उल्ट 30 जून 2022 से जनपद में तैनात सभी कम्प्यूटर आपरेटरों को राजकीय कृषि बीज भण्डारों से उनके द्वारा कार्य न करने के लिए उन सभी की सेवा समाप्ति का बाकायदा लेटर विभाग की तरह से दे दिया गया। कृषि विभाग की तरफ से संविदा पर तैनात कम्प्यूटर आपरेटरों की बर्खास्तगी से बेरोजगारी के हालात पैदा हो जाएंगे,जो कि आर्थिक स्थिति खराब होने से कम्प्यूटर आपरेटरों का परिवार चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए वक्त रहते प्रदेश की योगी सरकार को बेरोजगारी की कगार पर खड़े इन पारदर्शी किसान सेवा योजना के 823 कम्प्यूटर आपरेटरों को विभाग में फिर से इनकी सेवाओं की बहाली करनी होगी,नहीं तो आने वाले समय में सभी कम्प्यूटर आपरेटरों को भूखमरी के हालात से जूझना पड़ सकता है।

# मानिकपुर में शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने व्रत रखकर चढ़ाया रोट

## सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस अधिकारी लेते रहे जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी मानिकपुर स्थित सिद्धपीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम का पांच दिवसीय आषाढ़ मास की शीतला सप्तमी का मेला का मुख्य पर्व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पतित पावनी मोक्षदायिनी मां गंगा की अविरल व निर्मल धारा में स्नान कर मां ज्वाला देवी धाम पहुंचकर दर्शन पूजन के साथ माथा टेका।

महिलाओं ने दोनों स्थानों पर पूडी चना की दाल व गुड़ का रोट चढ़ाया। महिलाओं ने शीतला सप्तमी का व्रत रखकर मां गंगा की पावन तट पर तथा मां ज्वाला देवी मंदिर पर रोटी चढ़ाकर देवी मां से



मोक्षदायिनी मां गंगा में स्नान करते श्रद्धालु।

अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया। मेले में प्रतापगढ़ जनपद के अलावा अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ समेत अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण पहुंचे तथा देवी मां का दर्शन पूजन किया।

मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष/उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी, मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे, मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित अनवरत क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। जिससे मेले में श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा का तत्काल निदान किया जा सके। मंगलवार को मुख्य पर्व संपन्न हो जाने से प्रशासन व ट्रस्ट कमेटी ने राहत की सांस ली। गुरुवार को मेला का समापन होगा। मेले में दूर दराज व आसपास के श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। चोर उच्चकों व शरारती तत्वो पर पुलिस बराबर अपनी नजर रखे हुए थी।

## मासूम के साथ छेडछाड, आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मासूम के साथ छेडछाड को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के तिना निवासी राकेश गौतम की पत्नी साधना ने बुधवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि इक्कीस जून को दिन मे एक बजे गांव के आरोपी राज सरोज पुत्र अमृतलाल ने उसकी छः वर्षीया बेटी को आम के लालच में गांव के समीप एक भींटे पर ले गया। वहां आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ बदनीयती से अश्लील हरकत की। पीडिता की चीखपुकार पर आरोपी मौके से भाग निकला। मासूम घर पहुंची तो रोते हुए मां से आपबीती सुनाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राज के खिलाफ छेडछाड तथा पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# विद्युत उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना का उठाये लाभ, पट्टी एसडीओ का उपभोक्ताओं से अपील

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के तहत ब्याज में पूर्ण रूप से छूट देने तथा जल्द से जल्द बकायेदारों द्वारा विद्युत बिल जमा करने की योजना का पट्टी विद्युत खंड अधिकारी एसबी प्रसाद ने कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द विद्युत बिल जमा करने की अपील किया है।

पट्टी नगर सहित विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को विद्युत बिल के ब्याज माफी योजना के बारे में पट्टी उपखंड अधिकारी एसबी प्रसाद ने बताया कि पट्टी तहसील में बुधवार को 25 बकायेदारों का विद्युत बिल न जमा होने पर विद्युत कनेक्शन काट दिया गया वही 19 लोगों ने एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस में अपना रजिस्ट्रेशन कराया है ।



एकमुश्त समाधान योजना का रजिस्टेज्शन कराते लोग।

उन्होंने बताया कि घरेलू कनेक्शन के अंतर्गत शत प्रतिशत ब्याज में छूट उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही है तो वही ट्यूबवेल उपभोक्ताओं को ब्याज में भी यह छूट दी जा रही है। उन्होंने जल्द से जल्द एकमुश्त समाधान योजना लोगों को शामिल होने के लिए कहा है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 23 जून को 100 जोड़ों का होगा विवाह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 23 जून को 100 पंजीकृत जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन विधानसभावार किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास के अन्तर्गत कार्यक्रम स्थल ब्लाक लालगंज में 10 जोड़ों, विधानसभा क्षेत्र विश्वनाथगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड लक्ष्मणपुर में 22 जोड़ों, विधानसभा क्षेत्र सदर अन्तर्गत विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका में 30 जोड़ों, विधानसभा क्षेत्र पट्टी अन्तर्गत विकास खण्ड पट्टी में 20 जोड़ों, विधानसभा क्षेत्र रानीगंज अन्तर्गत विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम में 18 जोड़ों का विवाह सम्पन्न होगा।

## वैभवानंद सरस्वती की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम हेतु अनुयायी हुए रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के इनहन भवानी धाम के दण्डी स्वामी वैभवानंद सरस्वती की आज गुरूवार को काशी में बारहवीं पुण्यतिथि को लेकर बुधवार को यहां से अनुयायियों का जत्था रवाना हुआ। संस्कृत के विद्वान आचार्य शंकरदत्त मिश्र ने सन्यास ग्रहण करने के बाद काशी में ब्रम्हलीन हुए थे। काशी स्थित जगदगुरू धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महराज के आश्रम में वैभवानंद सरस्वती जी की स्मृति में व्याख्यान माला में क्षेत्रीय अनुयायी भी शामिल होने को रवाना हुए। इनमें संस्कृत शिक्षक समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष आचार्य राजेश मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अशोक शुक्ल, समाजसेवी छोटे लाल सरोज, विपिन शुक्ल, आचार्य हरिशंकर मिश्र, आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, डा. आर शिवम, जी गणेशम् आदि प्रमुख हैं।

# चोर एक के बाद एक तीन घरों में की लाखों की चोरी

## पुलिस की गश्त का कहीं कुछ पता नहीं, तीन परिवारों का लुट गया सब कुछ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के संग्रामगढ़ पुलिस को चुनौती देते हुए बीती रात को अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर तीन घरो में लाखों के जेवरात व नकदी चुराकर नौ दो ग्यारह हो गए पिकेट पुलिस सोती रही घटना की कानो कान खबर तक नही लगी।

बताया जाता है कि उक्त थाना क्षेत्र के बावलिया बाजी आफत गांव में बीती रात को अज्ञात चोर जगदीश पुत्र सूरजपाल के घर मे घुसे जहाँ से आधा किलो चांदी व पच्चास हजार रुपया नकदी चुरा ले गए। इसके बाद कड़ेदीन पुत्र रामदास



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

के घर सें दो किलो चांदी दो मंगल सूत्र के साथ घर मे रखा एक लाख दस हजार रुपया चुरा ले गए। इसके बाद चन्द्रकेश पुत्र कड़ेदीन के घर से पच्चास हजार रुपया नकदी के साथ कीमती कपड़े चुरा ले गए। सुबह एक साथ तीन घरो में हुई लाखो की चोरियो से गाँव मे हड़कम्प मच गया।ग्रामीणों में इस बात का आक्रोश है कि जब रात में पुलिस गश्त रहती है तो पुलिस को इतनी बड़ी चोरी की भनक तक नही लगी जिससे साफ जाहिर होता है कि रात गश्त में पुलिस चैन की नीद सोती है और चोर मस्त होकर बेखौफ घटना को अंजाम देकर चले जाते है जो पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नही है। अब देखना है कि पुलिस घटना का खुलासा कितने दिनों में करती है या फिर अन्य चोरियो की तरह मामले को ठंडे बस्ते में डालकर इतिश्री करती है यह तो पुलिस कार्रवाई से ही पता चल सकता है। बहरहाल घटना से दुखी परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है, जल्द ही खुलासे की बात कह रही है।

## अग्निपथ योजना के समर्थन में उतरे तदर्थ शिक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जौनपुर प्रयागराज सुल्तानपुर रायबरेली अयोध्या लखनऊ आदि जनपदों में नियुक्त तदर्थ शिक्षकों ने अग्निपथ योजना का स्वागत किया।

तदर्थ शिक्षकों ने सरकार की इस योजना को अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ साथ आस-पास के गांव के युवाओं को इस योजना से होने वाले लाभों को बताने का संकल्प लिया है। संकल्प लेने के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं से अपील की है कि शरारती तत्व के बहकावे में ना आए इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि आयु 17 से 23 वर्ष तक सभी युवा अनुशासित होकर देश की सेवा करने के पश्चात जिस भी विभाग में जाएंगे उस विभाग की दिशा और दशा दोनों के बदलने की क्षमता इन युवाओं में होगी।

# व्यापार मण्डल के व्यापारियों ने योगा कार्यक्रम में लिया हिस्सा, प्रशासन के प्रति जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित योगा कार्यक्रम में सभी से योगा करवाया, जिसमें अनेक व्यापारियों के घरों की मातृ-शक्तियों ने भी सहभागिता लिया।

इसमें प्रमुख रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष रामशंकर जायसवाल, जिला संरक्षक मुरलीधर केसरवानी, प्रकाश चंद खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, जिला मंत्री अश्विनी केसरवानी, कृष्ण मोहन केसरवानी एवं दिनेश सिंह दिन्नू, सुरेश चंद्र



योगा कार्यक्रम में मौजूद व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण।

केसरवानी, सरदार महेंद्र सिंह, इंद्र देव तिवारी, मनोज सिंह, अमित केसरवानी, अरविंद जैन, राहुल गुप्ता, विष्णु केसरवानी, विजय केसरवानी, दीपक केसरवानी, स्वप्निल, राजकुमार, आलोक मिश्रा, उवैद उल्ला जाफरी, विजय केसरवानी(बच्चू), संजय झालानी, विजय कुमार, सुरेश परिधान, योगेश खंडेलवाल, शिव कुमार सोनी, दूधनाथ सोनी, चिरंजीव सोनी, प्रेमचंद सोनी, राकेश सोनी, लालचंद सोनी, राम मोहन सोनी, शेखर गुप्ता, शिवम अग्रवाल, गुंजन केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, सरदार वसिंदर सिंह, सरदार कुलदीप सिंह(प्रधान), प्रभात सोनी, घनश्याम सोनी, मुन्ना सोनी, मोहम्मद अब्दुल खादुल, रोहित जयसवाल, आयुष राज सेठ, राजू केसरवानी, शिव कुमार केसरवानी, अनुराग केसरवानी, पवन केसरवानी, अजय सोनी, विनय सिंह, राहुल केसरवानी, प्रतीक खंडेलवाल, रमाशंकर खण्डेल वाल, पुष्पराज मिश्र, राजकुमार, मानिकचंद केसवानी, बसंत कुमार खंडेलवाल, अमित खंडेलवाल, वरुण खंडेलवाल, सुरेश सिंह, सुशील सोनी, श्याम जी कौशल, कृष्ण लाल सोनी, बेनी माधव उमरवैश्य, बबलू उमरवैश्य, सुरेश सोनी, शिवम् केसरवानी, अनूप केसरवानी, आकाश केसरवानी, आदित्य मिश्रा, संजय केसरवानी (बबलू) आदि के साथ उपस्थित मातृशक्तियों में उमा केसरवानी, अरुणा केसरवानी, शोभा रानी सोनी, पुष्पा केसरवानी, उर्मिला जयसवाल, राधा देवी केसरवानी, शैमपी केसरवानी, शालिनी केसरवानी, शिवांगी केसरवानी, परी सिंह, क्षमा खंडेलवाल, शिप्रा खंडेलवाल, नीरजा खंडेलवाल, मीनू खंडेलवाल, अनीता खंडेलवाल, उर्मिला खंडेलवाल, नेहा खंडेलवाल, पायल खंडेलवाल, मुस्कान खंडेलवाल, कृष्ण कांती मिश्रा, रतिमा केसरवानी, मोनिका केसरवानी, परी केसरवानी, अक्षिता सोनी, अनुष्का मिश्रा, अनन्या मिश्रा, अंशिका मिश्रा आदि अन्य सैकड़ों व्यापारी शामिल हुए।

## सत्येन्द्र नारायण तिवारी बने जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र प्रकाश पाराशर ने प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट को मंच का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। बीते दिनों केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सत्येन्द्र नारायण तिवारी को उनके परिश्रम व कुशल संगठन क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें पूरे प्रदेश में ब्रह्मदेव जागरण मंच का विस्तार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला उपाध्यक्ष पंडित घनश्याम शुक्ला जिला महामंत्री पंडित जिला वज्रघोष ओझा कोषाध्यक्ष पंडित नारायण प्रसाद पाण्डेय जिला, तहसील, ब्लाक व नगर इकाई के समस्त पदाधिकारियो ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



सत्येन्द्र नारायण तिवारी।

## अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** टैज्क्टर की टक्कर से गैरेज संचालक की मौत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली के सगरा सुंदरपुर निवासी जयराम सरोज पुत्र रामहर्ष ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते अठारह जून को बाजार मे पोस्ट आफिस के सामने तीव्र गति से आ रहे एक टैज्क्टर ने उसके बेटे सुशील सरोज की बाइक मे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे घायल सुशील की प्रयागराज मेडिकल कालेज मे इलाज के दौरान मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर मंगलवार की रात पुलिस ने आरोपी अज्ञात टैज्क्टर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## बाइक चालक ने बुग्गी मे मारी टक्कर, युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के सराय हिम्मत सिया गांव निवासी अमरनाथ सरोज उम्र (45) वर्ष पुत्र अशर्फीलाल बाइक से अपने गांव के ही विवेक सिंह (35) वर्ष पुत्र सुखदेव सिंह को साथ बाइक पर बिठाकर बाघराय की ओर आ रहा था तभी बाघराय मे जा रही बुग्गी से टकराकर दूर जा गिरा।

जिससे अमरनाथ को गंभीर चोटें आने से अचेत हो गया। दोनों को सीएचसी बाघराय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अमरनाथ सरोज (45) वर्ष को मृत घोषित कर दिया उधर विवेक सिंह को हल्की चोटें आई हैं मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को पीएम के लिए भेजने की कार्यवाही कर रही है। मृतक अमरनाथ सरोज की पत्नी आशा देवी व बेटी सोनी देवी मोनी देवी मोनिका गोलू देवी रूचि सुभी रोली का रो रो कर बुरा हाल है। इसी तीन जुलाई को मृतक की बडी बेटी सोनी की शादी होनी थी मृतक भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था।

# शहर में विक्रम तिराहे के पास पुलिया टूटने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित

## सभी चार पहिया वाहन भंगवा चुंगी से होकर आ जा रहे हैं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर में विक्रम तिराहे के पास एक पुलिया टूट जाने से राजापाल तिराहे से सदर मोड़ तक केपी कालेज होते हुए जाने वाली सड़क बंद कर दी गई है। इससे शहर में आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। चिलबिला की तरफ से आने वाले लोग कचहरी इसी मार्ग से आते जाते हैं और सुल्तानपुर की तरफ से आने वाली बसें भी इसी मार्ग से गुजरती हैं लेकिन आज बुधवार को पुलिया क्षतिग्रस्त होने से राजापाल टंकी के बगल नगर पालिका ने रास्ता बंद का बोर्ड टांग दिया है।

उधर सदर मोड़ से केपी कालेज रोड को भी बंद कर दिय गया है। चूंकि यह मुख्य मार्ग की पुलिया है, इसलिये नगर पालिका ने पुलिया पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है लेकिन आवागमन कब तक शुरू होगा, इस बारे में अनिश्चिता है। अब सभी बडे. वाहन भगवा चुंगी की तरफ से होकर कचहरी की तरफ जा रहे हैं। सुल्तानपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज आज भंगवा चुंगी होकर आ जा रही हैं। इस बारे में पूछने पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि पुलिया की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। जल्दी ही आवागमन शुरू हो जाएगा।

## टिकट विंडो पर भीड़ बेकाबू, कर्मचारी नदारद

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जनरल टिकट का एक ही काउंटर खुलने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के समय बेकाबू भीड़ से हंगामा शुरू हो जाता है। बुधवार को टिकट के लिए महिलाओं को भीड़ का सामना करना पड़ा। खिड़की में उनका हाथ फंस गया। एक ही जेटीबीएस भी चल रहा है। उसमें भी नेटवर्क की समस्या थी, जिससे यात्रियों को जूझना पड़ा।

पद्मावत,इन्टर सिटी सहित कई ट्रेनों में चालू टिकट की सुविधा हो गई है। इससे जनरल टिकट काउंटर पर भीड़ होना शुरू हो गई है। इसके लिए लम्बी लाइन लगती है। खास बात यह है कि यहां पर चार विंडो है। प्राइवेट वाले जेटीबीएस की सुविधा भी है। लेकिन सभी चालू नहीं है। बुधवार को एक ही जनरल टिकट काउंटर खुला था। जिस पर भारी भीड़ थी। एक जेटीबीएस भी खुला था। लेकिन उस पर नेटवर्क की समस्या थी। लोग टिकट के लिए लाइन में मारा मारी करते नजर आए। ट्रेन छूटने की हड़बड़ी में विंडो में एक साथ कई यात्रियों के हाथ डाल देने से फंस गए। यात्रियों का कहना है कि बाकी विंडो न खुलने से आए दिन यह दिक्कत आती है। रेल प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

# अमर प्रभा संस्था के द्वारा दिलाया गया रोजगार

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा।** तहसील क्षेत्र कुण्डा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम सभा चौसा के करीम नगर गांव निवासी राजेश पाल उर्फ बाडा पाल को मंगलवार को अमर प्रभा सामाजिक संस्था द्वारा जनरल स्टोर खुलवाकर रोजगार प्रदान किया गया।

अमर प्रभा सामाजिक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि इस संस्था के द्वारा गरीबों व आर्थिक रूप से कमजोर ब्यक्त्यिों को रोजगार प्रदान कराया जा रहा है।रोजगार मे जैसे ई रिक्शाए जनरल स्टोरएकिराना की दुकान जो ब्यक्ति जिस रोजगार मे रूचि रखता हो उसको वही प्रदान किया जाएगा।राजेश पाल उर्फ बाडा पाल ईंट भट्ठे पर मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाता था।लेकिन कुछ दिन पहले वह लम्बी बीमारी के चलते आर्थिक रूप से कमजोर होगया।न तो वह मजदूरी कर सकता था न ही कोई रोजगार कर सकता था।जिससे परिवार का खर्च चलाने के लिए वह काफी चिंतित था।जब इसकी जानकारी ग्राम प्रधान चौसा विष्णु धर मिश्र उर्फ बाबा बैताली के बेटे अमन मिश्रा को हुई तो उन्होंने अमर प्रभा सामाजिक संस्थान से बातचीत की।संस्थान के द्वारा राजेश के घर जांच भेजी गई तो मामला




सही पाया गया।मंगलवार को जब संस्था के द्वारा राजेश को जनरल स्टोर खुलवाकर रोजगार प्रदान किया गया तो उसके आंखें खुशी से भर गयी।इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्लाए ग्राम प्रधान विष्णुधर मिश्र उर्फ बाबा बैतालीए अमन मिश्रएशिवम मिश्रा समाजसेवी नागेश शुक्ला, उच्च न्यायालय प्रयागराज के अधिवक्ता राजेश कुमार, अनिल गौतम एसंजय यादव समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा।** कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थित वैष्णो कालोनी निवासी कैलाश चंद्र की पत्नी अनीता केसरवानी बुधवार की भोर मे मार्निंग वाक के लिए निकली थी।

अनीता कुण्डा से बाबूगंज की तरफ जा रही थी।अभी वह पुरबियन का पुरवा कोल्ड स्टोरेज के पास ही पहुंची थी कि पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर भाग गया।मार्निंग वाक पर निकले और लोगों ने जब अनीता को देखा तो उनको उपचार के लिए सीएचसी कुण्डा ले गए।जहाँ पर चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिए।मौत की खबर सुनते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अनीता के दो बेटे व तीन बेटियां है।जिसमे से एक बेटे व दो बेटियों की शादी हो चुकी है।एक बेटे व एक बेटी की शादी अभी बाकी है।

## तीन घरों में लाखों की चोरी

**कुण्डा।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम बवालिया बाजीआफ्त मे मंगलवार रात चोरो ने तीन घरों में लाखों कि चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है। पीड़ितों ने संग्रामगढ़ थाने मे तहरीर दी है। पीड़ितों ने संग्रामगढ़ थाने मे दी गई तहरीर मे बताया कि जगदीश पुत्र सूरज पाल के यहाँ से पांच सौ ग्राम चांदी के गहने और पचास हजार नगदएकडेदीन पुत्र रामदास के यहाँ से दो किलो चांदी के गहने और दो मंगलसूत्र व एक लाख दस हजार नगदए चंद्रकेश पुत्र कडेदीन के यहाँ से पचास हजार नगद और कपड़े चोर चोर चुरा ले गये है।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना करारी से दो थाना महेवाघाट से दो थाना पिपरी से एक थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से दो कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० शकील उर्फ बुद्धा पुत्र मो० बजीर निवासी चमनगंज थाना करारी को 550 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जियालाल पासी पुत्र सुरजपाल पासी निवासी कमलेश्वर थाना कडाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# रोपित किए जाएंगे 25 लाख 7 हजार पौधे : डीएम

## जिलाधिकारी ने की जिला पर्यावरण समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरण समिति वृक्षारोपण समिति जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम नगर पंचायतों में अमृत वन अमृत महोत्सव उद्यान की स्थापना किये जाने के निर्देश दिये गये है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामसभा नगर पंचायत में 75 पौधों का रोपण किया जाना है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि नर्सरियों से पौध उठान हेतु कार्ययोजना बना लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कार्ययोजनानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि ग्राम गंगा सेवा समिति का गठन कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद के लिए कुल 25 लाख 7 हजार 120 पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके अन्तर्गत वन विभाग द्वारा 8 लाख 29 हजार 458 पर्यावरण विभाग द्वारा 92 हजार 162 ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 9 लाख 58 हजार 720 राजस्व विभाग द्वारा 1 लाख 3 हजार 740 पंचायतीराज विभाग द्वारा 1 लाख 3 हजार 740 नगर विकास द्वारा 17 हजार 920 लोक निर्माण विभाग द्वारा 17 हजार 220 जल शक्ति सिंचाई विभाग द्वारा 10 हजार 920 कृषि विभाग द्वारा 1 लाख 76 हजार 400 पशु पालन विभाग द्वारा 8540 सहकारिता विभाग द्वारा 4200 उद्योग विभाग द्वारा 12 हजार 600 उर्जा विभाग द्वारा 6860 माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा 9140 बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 12 हजार 40 प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा 2100 उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 5000 स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 हजार 20 परिवहन विभाग द्वारा 1960 उद्यान विभाग द्वारा 1 लाख 15 हजार 80 तथा गृह पुलिस विभाग द्वारा 6300 पौधारोपण किया जाना है सदस्य जिला गंगा समिति विनय द्वारा गंगा एक्शन प्लॉन के तहत विभिन्न कार्यवाही किये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि विनय से एजेण्डा प्राप्त कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण स्थलों की टैगिंग के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के कर्मचारी को प्रशिक्षण दिलाया जाय जिससे सुगमतापूर्वक जियो टैग किया जा सकें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये।



जिला पर्यावरण समिति की बैठक करते जिलाधिकारी कौशाम्बी।

### जेठ से विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत देवरी गांव निवासी विनीता देवी उम्र 40 वर्ष का पति पत्नी रामप्रसाद दिल्ली में रहकर अपना अपने परिवार का जीवन यापन के लिए मजदूरी करता है मंगलवार को पति राम प्रसाद ने बड़े भाई के खाते में 5 हजार रुपए भेजा था जिसमें रामप्रसाद के बड़े भाई गया प्रसाद ने 4 हजार रुपए विनीता को दे दिए और एक हजार रुपए खेती-बाड़ी के खर्च के लिए ले लिए इससे नाराज विनीता ने कई बार रुपए की मांग की मगर गया प्रसाद ने नही दिया तो विनीता ने मंगलवार की शाम जहरीला पदार्थ निकल लिया जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को चली तो हड़कंप मच गया आनन-फानन में नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्रयागराज के स्वरूपरानी रेफर कर दिया बुधवार को इलाज के दौरान विनीता की मौत हो गई जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को पता चली तो कोहराम मच गया मौके पर पहुंची स्वरूपरानी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार की तरफ से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### अवनीश खरे बने एसबीआई शाखा प्रबंधक सरायअकिल

#### प्रमोशन के साथ तबादला होने पर कर्मचारियो ने किया जोरदार स्वागत



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के नया बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक में पीओ के पद पर कार्यरत अवनीश खरे का भारतीय स्टेट बैंक के प्रमुख्य द्वारा इनको प्रमोशन देते हुए नगर पंचायत सराय आकिल में शाखा प्रबंधक के पद पर तबादला कर दिया गया है विगत तीन वर्ष पूर्व भरवारी शाखा में बतौर पीओ नियुक्त हुए थे। आपको बता दे कि अवनीश खरे का विगत तीन वर्ष पूर्व भरवारी भारतीय स्टेट बैंक में बतौर पी ओ के पद पर तैनाती हुई थी इनके कार्य कुशलता से प्रसन्न होकर भारतीय स्टेट बैंक ने इनका प्रमोशन नगर पंचायत सरायअकिल भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक के पद पर कर एक बड़ा तोहफा इन्हें दिया है साथ ही उनका तबादला भी कर दिया गया यहा यह भी बताना जरूरी है तबादला की खबर से यहा के व्यापारी बैंक के कर्मचारी सभी के चेहरे पर मायूसी छाई रही परंतु उसके पीछे प्रमोशन हुआ था इस लिए कल शाखा प्रबन्धक स्टेट बैंक भरवारी लल्लन बैठा कैशियर राय साहब राकेश सिंह साहब राजेश राजकुमार विजयकुमार नेहा सोनी अनुराधा नरेश सिंह गार्ड अरविंद कुमार आदि लोगो ने उपहार देकर उनका स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की साथ ही अवनीश खरे के स्थान पर प्रयागराज से पी ओ के पद पर आए उमंग श्रीवास्तव ने अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

### गैंगस्टर के इनामिया को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** करारी थाने में अरुण यादव उर्फ गोलू पुत्र तीरथ प्रसाद निवासी छोटी गौहानी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में 5 फरवरी को मुकदमा दर्ज हुआ था मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद आरोपी अरुण यादव पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी अरुण यादव की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया लेकिन फिर भी आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आया 22 जून को आरोपी मंझनपुर मुख्यालय में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था इस बात की भनक मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह को लग गई जिस पर पुलिस फोर्स के साथ कोतवाल विनोद कुमार सिंह उसे मंझनपुर में खोजने लगे न्यायालय मोड़ के पास आरोपी अरुण यादव मंझनपुर पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 101 वाहनों का ई चालान किया गया।

# दुखद ! एक साथ उठी भाई-बहन की अर्थी अंतिम विदाई के समय रोया पूरा गांव

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव में सोमवार को हृदय विदारक घटना हुई। पहले भाई की गड्ढे में भरे पानी में डूबने से मौत हुई इसके बाद भाई की मौत के गम में मंगलवार की शाम बहन की मौत हो गयी भाई और बहन का जनाजा एक साथ निकलने से पूरे गांव में मातम छा गया। मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत बंधवा रजबर गांव निवासी दिनेश कुमार रैदास सोमवार को फतेहपुर जिले के सैदपुर गांव के पास दामपुर घाट में पहले की मनौती में लड्डू चढ़ाने परिवार संग आए थे वहां उनका 13 वर्षीय बेटा मंजेश कुमार घाट पर खेलते हुए जेसीबी द्वारा बालू निकलने के खोदे गए गड्ढे पानी में गिर गया बहुत देर तक प्रयास करने के बाद निकाला गया आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोसित कर दिया सैदपुर गांव के लोगों का कहना है कि जेसीबी द्वारा अवैध गड्ढा खोदने बालू का अवैध खनन करने से बने गड्ढे में आये दिन हादसा होता रहता है।जिससे नाराज लोगो ने रोड को जाम कर चक्का जाम भी किए और माँग किया कि बालू माफिया पर कार्यवाही प्रसासन करे लेकिन पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया इधर मंजेश की बड़ी बहन 15 वर्षीय मीना देवी का रो रो कर बुरा हाल था। जिससे अचानक तवियत बिगड़ी और उसका आज देहांत हो गया फतेहपुर से पोस्टमार्टम होने के बाद आज दोनों भाई बहन की अर्थी उठी जिसे देखकर गांव वालों के भी आंसू नहीं बंद हो रहे थे और परिजनों का रो रों कर बुरा हाल था।



दो मौत के बाद ग्रामीणों की भीड़

### दुष्कर्म के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध पलाये जा रहे अभियान के क्रम में अलग अलग थानों द्वारा तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए चालान न्यायालय कर दिया है जानकरी के मुताबिक थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बंटू गौतम पुत्र मूलचंद गौतम निवासी पूरी डीहा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रज्ञ थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुंदर लाल पुत्र हीरा लाल निवासी सैदलीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित वाछित अभियुक्त सतीश कुमार उर्फ सौरभ पल पुत्र मणसिंघ निवासी दरियापुर मझियावा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन में सरकार ने बढ़ाई योजना की लागत

**कौशांबी।** उद्यमियों और व्यापारियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में बड़े स्तर पर संशोधन किया है एक विशेष मुलाकात में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार ने उत्पादन से संबंधित उद्योग धंधे की स्थापना पर पहले 25 लाख रुपए तक ग्राम उद्योग विभाग द्वारा स्वीकृत किए जाते थे लेकिन केंद्र सरकार ने योजना में संशोधन कर दिया है और अब 25 लाख रुपए की जगह 50 लाख रुपए सीमा तक का ऋण उद्यमियों को दिए जाने की मंजूरी केंद्र ने दे दी है इसी तरह सेवा क्षेत्र के व्यवसाय में लगे व्यापारियों को अभी तक 10 लाख रुपए का ऋण दिया जाता था लेकिन केंद्र सरकार ने इस योजना में भी सेवा क्षेत्र के व्यापारियों को सहूलियत देते हुए 20 बीस लाख रुपए तक का ऋण दिए जाने का निर्देश दिया है जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि योजना के तहत जिले में 45 उद्योग धंधे और सेवा क्षेत्र के व्यापारियों की इकाइयों को स्थापित करने के लक्ष्य रखे गए थे जिसमें सात इकाइयां स्वीकृत कर दी गई है उन्होंने कहा कि योजना का उद्यमी और व्यापारी लाभ उठाएं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से उद्यमी और व्यापारियों को अपने रोजगार को स्थापित करने में सहूलियत होगी और आर्थिक समस्या के चलते उनके उद्योग धंधे प्रभावित नहीं होंगे।

### भाजपा कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ इस मौके पर जन सुनवाई करने के लिए पार्टी पदाधिकारी ओम नारायण शुक्ला मौजूद रहे। इस मौके पर जिले भर से आधा दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी शिकायतें उनके सामने रखी मामले में संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इन मामलों का निर्धारण करने के लिए बात कीजिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से आदित्य नारायण, मनजीत कुमार, उमेश चंद, बाबूलाल राजपूत, सुंदरलाल व संतोष कुमार ने अपनी समस्याओं को रखा। मामले में 7 दिनों के अंदर विभिन्न विभागों से मामले के निस्तारण के लिए लिखा गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री दिनेश पांडे, प्रतीक जयसवाल, वेद प्रकाश पाण्डेय, हरेंद्र सिंह सहित दर्जनों पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



### संतुलित आहार- विहार अपना कर योग की प्रासंगिकता को किया जा सकता है फलीभूत : प्राचार्य

**भरवारी कौशाम्बी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर भवंस मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने किया ।उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए योग के महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि संतुलित आहार- विहार अपना करके योग की प्रासंगिकता को फलीभूत किया जा सकता है ।इस अवसर पर योग विशेषज्ञ के रूप में सुश्री सुप्रिया चौरसिया ने योग के विषय में संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला उन्होंने सभी को योग की विभिन्न मुद्राओं तथा आसनों के बारे में ना केवल समझाया अपितु उसको कैसे संपादित करें इसको करके भी दिखाया ।योग करके हम कैसे रोगों से बच सकते हैं इस पर भी उन्होंने अपने मूल्यवान विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एनसीसी के कैप्टन अरुण कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉक्टर लक्ष्मीकांत मित्र ,डॉ०सी ०पी० श्रीवास्तव, राजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे। एन०सी०सी० के 88 कैडेट कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# ओवरलोड डंपर ने मारी टक्कर दो बाइक सवारों की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

## मामला सराय अकिल क्षेत्र के कनैली चौकी का

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मौत कब किसके घर किस तरह दस्तक दे दे यह कहा ही नहीं जा सकता, ऐसी ही कुछ घटना मंगलवार की देर रात सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी में हुई। जहां हंसी-खुशी कनैली से सोनवारा अपने घर जा रहे दो युवकों को रास्ते में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ओवरलोड डंपर ने टक्कर मार दिया जिसके चलते घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की तड़प तड़प की मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दिया, जिसके चलते उनके घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कनैली चौकी अन्तर्गत सोनवारा गांव निवासी श्यामलाल का पुत्र सूरज भान 28 वर्ष अपने साथी गरी लाल के पुत्र राहुल 25 वर्ष के साथ कनैली से अपने गांव के लिए बाइक से निकला था जैसे ही बाइक सवार आधे रास्ते पहुँचे थे तभी बालू लदे एक ओवरलोड डंपर ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते दोनों युवक बाइक से छिटक कर दूर जाकर गिरे और घटनास्थल पर ही तड़प तड़प कर दोनों की मौत हो गई घटना को देखकर आसपास कोहराम मच गया। घटना लगभग 8:00 बजे शाम की बताई जा रही है सूचना पर मृतकों के परिजन भी घटना पर पहुंच गए रोने पीटने की आवाज से घटनास्थल का मार्मिक दृश्य बन गया सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




बाइक सवारों की मौत के बाद कार्यवाही करती पुलिस

### निराश्रित उपेक्षित बुजुर्ग व्यक्तियों का चिन्हॉकन कराकर वृद्धाश्रम में रहने के लिए किया जाए प्रेरित

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित वृद्धजन आश्रम एवं वरिष्ठ नागरिक की देख भाल सुनिश्चित कराये जाने हेतु जनपद स्तर पर स्वैच्छिक संस्था के माध्यम से संचालित वृद्धाश्रम की व्यवस्था एवं अनुश्रवण हेतु गठित समिति की बैठक की गई जिलाधिकारी ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों एवं ईओ के माध्यम से जनपद में निराश्रित उपेक्षित बुजुर्ग व्यक्तियों का चिन्हॉकन कराकर वृद्धाश्रम में रहने के लिए प्रेरित किया जाय उन्होंने उप मुख्य चिकित्साधिकारी को वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नियमित अन्तराल तक कैम्प लगाने के निर्देश दिये प्रबन्धक वृद्धाश्रम आलोक राय द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि आश्रम में निवासरत कुछ लोगों के आधार कार्ड नहीं बने हैं जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ऐसे लाभार्थियों की सूची तैयार कर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से सहयोग प्राप्त कर आधार कार्ड बनवाया जाय बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार गुप्ता सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### बारिश शुरू होने के पूर्व माफिया डंप करने लगे बालू

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** जिले में बालू के खेल में माफियाओं के मनमानी चलती है विभागीय अधिकारी से लेकर अन्य अधिकारी माफियाओं के आगे अपने को असहाय महसूस करते हैं मंझनपुर तहसील क्षेत्र के भागवत पुर गांव के पास बालू माफियाओं द्वारा बेखौफ तरीके से अवैध बालू का भंडारण शुरू कर दिया गया है बताया जाता है कि एनजीटी के नियमों के की धज्जियां उड़ा कर बालू का खनन करने वाले माफियाओं द्वारा बालू का भंडारण किया जा रहा है। बारिश शुरू होने के पूर्व यमुना नदी से अवैध तरीके से निकासी कर बालू भंडारण का खेल जिले में पुराना है माफिया अवैध भंडारण से करोड़ों की काली कमाई करते हैं अधिकारी मूकदर्शक बने तमाशा देखते हैं भगवतपुर गांव के पास हजारों घन मीटर बालू का भंडारण माफियाओं ने कर लिया है सूत्रों की माने तो बालू भंडारण में लगा माफिया कटरी घाट का निवासी है अवैध तरीके से बालू भंडारण किए जाने से सरकार को भी बड़ा नुकसान हो रहा है लेकिन अभी तक अधिकारियों ने बालू माफियाओं के भंडारण पर कार्यवाही करते हुए बालू को सीज नही किया है इलाके के लोगों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से भंडारण की गई हजारों घन मीटर बालू को सीज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# व्यापारियों ने एसपी सहित पुलिस टीम को किया सम्मानित

## पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने पुलिस टीम की सफलता पर दिया 11 हजार रुपए का पुरस्कार

## मनौरी के व्यापारियों द्वारा किए गए सम्मान से भाव विभोर हुए एस पी कौशांबी हेमराज मीणा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पिपरी थानांतर्गत महमूदपुर मनौरी निवासी शशि बाबू केशरवानी के पांच साल के बेटे विष्णु उर्फ कार्तिक को 14 जून 2022 को शाम 4 बजे किडनैप कर लिया गया था जिसकी सूचना कौशांबी पुलिस अधीक्षक को दी गई। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के कुशल निर्देशन में पांच टीमें लगाई गई जिसमे अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, एस ओ जी प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह व सर्विलांस ,चरवा थानाध्यक्ष पिपरी थानाध्यक्ष ,सी ओ सिराथू के जी सिंह की टीम बनाई गई पांचों टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर बच्चे को ढूढने में लग गई और 12 घंटे के अंदर बच्चे को ढूंढ निकाला और किडनैपर को गिरफ्तार कर जेल भेजवाने का कार्य किया कौशांबी पुलिस की इस सफलता पर मनौरी नगर के व्यापारियों ने कौशांबी एस पी व पांचों टीमों का फूल माला व अंग वस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत व सम्मान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने पुलिस टीम को 11000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी शंभू लाल केशरवानी व तमाम व्यापारियों ने सभी टीमों की भूरि भूरि प्रसंशा की तथा आभार प्रकट किया इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में व्यापारी एकत्रित हुए पुलिस टीम के प्रत्येक सदस्य को फूलमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज केशरवानी उर्फ पटेल जी, रतन केशरवानी,दीपू केशरवानी नरोत्तम दास, सुधीर कुमार केशरवानी, सांवल दास,काशी प्रसाद, पुरुषोत्तम दास, रवि केशरवानी, जगदीश चंद्र, कुबेर चंद्र, राधे श्याम केशरवानी अंकित केशरवानी, रिंकू जी,गौतम जी आदि हजारों की संख्या में व्यापारीगण इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भी पुलिस टीम को पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।



पुलिस टीम को सम्मानित करते व्यापारी

# सिपाही की पत्नी और रिश्तेदारों को बैंकिंग सेंटर पर हंगामा

## बैंकिंग सेंटर पर तोड़फोड़ करने वाली सिपाही की पत्नी और उसके रिश्तेदारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बैंकिंग सेंटर पर सिपाही की पत्नी और उसके रिश्तेदारों ने जमकर हंगामा किया है बैंकिंग सेंटर के काउंटर जाली लैपटॉप माइक्रो एटीएम मशीन आदि को महिलाओं ने तोड़ दिया है मामले की सूचना बैंकिंग सेंटर के बीसी अमित कुमार त्रिपाठी ने कौशाम्बी पुलिस को दिया है जिस पर पुलिस ने सिपाही की पत्नी समेत तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है और उनका चालान कर दिया है। कौशांबी थाना क्षेत्र के विजया चौराहे पर अमित कुमार त्रिपाठी के बैंकिंग सेंटर पर बुधवार की दोपहर सिपाही की पत्नी अपनी भाभी और अन्य महिलाओं के साथ पहुंची और वहां जमकर उत्पात करने लगी जिस पर बैंकिंग सेंटर के इंचार्ज ने उन्हें मना किया लेकिन सिपाही की पत्नी नही मानी उत्पात मचा रही महिलाओं ने सेंटर की जाली लेपटॉप माइक्रो एटीएम आदि मशीन तोड़ने लगी तो सेंटर इंचार्ज ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पुलिस पहुची और तीनों महिलाओं को पकड़कर थाने ले गयी सिपाही की पत्नी समेत तीनों महिलाओं पर मुकदमा लिखकर तीनों महिलाओं का पुलिस ने चालान कर दिया है सिपाही पहले कौशांबी थाने में तैनात था इन दिनों बाद कानपुर थाने में तैनात हैजानकारी के मुताबिक अमित कुमार त्रिपाठी ने बैंक ऑफ बड़ौदा की बैंकिंग सेंटर बीसी विजया चौराहा पर खोल रक्खी है बुधवार की दोपहर मुस्तफाबाद की रहने वाली बीनू सेन पत्नी पवन सेन उसकी ननद प्रियंका सेन उर्फ रेहाना बानो पत्नी मो हाफिज व सावित्री देवी पत्नी अज्ञात बैंकिंग सेंटर पर पहुंची सेंटर इंचार्ज के ऊपर हमला किया गया बैंक के सेंटर में तोड़फोड़ किया गया है इस तोड़फोड़ में 30 हजार रुपए से अधिक का नुकसान बताया जाता है।



संपादकीय

## अग्निपथ योजना : फौज की तर्ज पर मिले पैकेज

भारत सरकार की सेना में भर्ती प्रक्रिया के लिए अग्निपथ स्कीम का ऐलान करने की कई वजह हैं। दरअसल रक्षा बजट के दो हिस्से होते हैं, जिसमें कैपिटल बजट में सेना के आधुनिककरण के लिए 20 प्रतिशत से कुछ ज्यादा और रेवेन्यू एक्सपेंडिचर के लिए 70-75 प्रतिशत खर्च किया जाता है। सरकार पर लगातार रेवेन्यू बजट कम करने का दबाव था, इसलिए पेंशन को कम करने के मकसद से सरकार ने अग्निपथ स्कीम शुरू की, जिसमें साढ़े 17 साल से लेकर 21 साल के युवाओं को देश की तीनों सेनाओं में चार साल के लिए अग्निवीरों को सेवा देने का निर्णय लिया। इससे कैपिटल बजट की राशि बढ़ने से उसका इस्तेमाल नए हथियार, वायुयान, युद्धपोत और अन्य सैन्य उपकरण खरीदने और सेना के आधुनिकीकरण के दूसरे उपायों के लिए किया जा सकेगा। कारगिल युद्ध के दौरान गठित कारगिल समीक्षा समिति ने सिफारिश की थी कि सेना में जवानों की औसतन आयु 32-33 को कम करना चाहिए। अग्निपथ स्कीम में समिति की सिफारिश के ये उपाय लागू होते दिख रहे हैं और अगले दस साल के भीतर औसतन आयु 25-26 साल तक आ जाएगी। अह्नरङ्ग फींॅ - अग्निपथ : सामान्य नहीं यह हिंसा-उपद्रव रक्षा बजट में पेंशन की राशि बचाकर सेना के आधुनिकीकरण हो सके, इसी सोच विचार के साथ सरकार ने सेना में अग्निपथ स्कीम के तहत जवानों की भर्ती शुरू करने की शुरूआत की है। सेना में भर्ती की इस नई योजना के तहत चार साल के लिए सैनिक भर्ती होंगे, उसमें छह महीने की बेसिक ट्रेनिंग करेंगे और बाकी साढ़े तीन साल उन्हें कॉम्बेट एनवायरमेंट यानी विभिन्न बोर्डर एरिया में तैनात कर दिया जाएगा। इन चार साल की सेवा में उन्हें पहले दो साल प्रतिमाह 30 हजार रुपये और फिर करीब 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। कार्यकाल समाप्त होने के बाद सभी अग्निवीरों को 11.71 लाख की एकमुश्त 'सेवानिधि' पैकेज का भुगतान किया जाएगा। चार साल की सेवा अवधि के बाद सभी जवानों को कौशल प्रमाण पत्र, कक्षा 12वीं की डिग्री मिलेगी। यदि इन चार साल के दौरान कोई अग्निवीर के साथ कोई हादसा या कोई शहीद हो जाता है तो उसे बीमा योजना के तहत उनके परिजनों को करीब एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। यही नहीं 'अग्निवीर' को सियाचिन और अन्य क्षेत्रों जैसे क्षेत्रों में वही भत्ता और सुविधाएं मिलेंगी, जो नियमित सैनिकों को मिल रही हैं यानी सेवा शर्तों में किसी प्रकार के भेदभाव की गुंजाइश नहीं होगी। इस योजना के तहत कार्यकाल समाप्त होने के बाद 25 फीसदी तक जवानो को उनके कामकाज और क्षमता का आकलन करके मैरिट के आधार पर स्थायी तौर पर नियमित कर दिया जाएगा, जो पुनः सेना में सेवा के बाद पेंशन के लिए पात्र होंगे। हालांकि सरकार सोचती है कि क्षमता, कौशल और अनुभव के आधार पर ऐसे जवान अपने बलबूते पर कॉपोरेट जगत और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और राज्य पुलिस बलों सहित सरकार के अन्य अंगों में उपयुक्त नौकरी पाने में सक्षम होंगे, जिनमें नौकरियों के लिए इन्हें वरीयता दी जाएंगी। सरकार ने आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अग्निवीरों के लिए रक्षा मंत्रालय में नौकरी की 10 फीसदी रिक्तियों को आरक्षित करने की मंजूरी दे दी। यही नहीं भारतीय तटरक्षक बल और डिफेंस सिविल पोस्ट के अलावा रक्षा क्षेत्र की सभी 16 सार्वजनिक उपक्रमों की नौकरियों में 10 फीसदी सीटें अग्निवीरों के लिए आरक्षित की जा रही है। सेना में चार साल की नौकरी पूरी करने वाले अग्निवीरों के लिए नागर विमानन ने भी एयर ट्रैफिक सर्विसेज और एयरक्राफ्ट टेक्नीशियन सर्विसेज में मौका देने का ऐलान किया है, तो सरकार के विभिन्न विभाग भी अग्निवीरों को नौकरी में प्राथमिकता देने का भरोसा दे रहे हैं। सरकार का यह भी विचार है कि सेना में अनुशासित सेवा देने वाले ऐसे जवान किसी भी विभाग में नौकरी करेंगे तो वे जनता के बीच एक अनुशासन की मिसाल पेश करेंगे। अह्नरङ्ग फींॅ - अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : सुखी व स्वस्थ जीवन का मार्ग रक्षा विभाग के पूर्व एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने इस योजना को प्वाइंट आउट किया, जिसमें सरकार सुधार भी कर रही है। पहली सेना में चार की नौकरी के भीतर एक साल तो उनका बुनियादी ट्रेनिंग और विशेष ट्रेनिंग में निकल जाएगा। सवाल ये भी था कि चार साल में तो युवा सेना में ट्रेंड होंगे और तभी उन्हें रिटायर्ड कर दिया जाएगा। भारत की फौज सारे युद्ध जीत चुकी है और हर जवान का 'नाम, नमक और निशान' के साथ जज्बा देश के लिए मर मिटने का है, जिसमें शहीद होने पर उनके परिवार की देखभाल देश करता है और उनके परिवार को बहुत बड़ा पैकेज और वित्तीय सुविधा भी मिलती है। इसकी अपेक्षा अग्निपथ स्कीम में चार साल की सेना में नौकरी करने वाले को बहुत कम पैकेज मिलेगा। वहीं क्या 'नाम, नमक और निशान' इन चार साल में होगा? और क्या असुरक्षा महसूस करने वाले ये जवान उसी जज्बे के साथ काम करगे? ऐसे सुझावों पर गौर करते हुए सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं, जिसे देखते हुए चार साल के बाद जो दोबारा सेना में नहीं होंगे, उन्हें अनुभव के आधार पर सरकार रक्षा विभाग के अलावा केंद्रीय बलों में भर्ती करने के लिए वरीयता देगी। सरकार के इस कदम से खासकर सीएपीएफ न केवल अच्छी तरह से प्रशिक्षित, प्रेरित और अनुभवी सैनिकों के आने से मजबूत होगी, बल्कि इससे उसका प्रशिक्षण पर होने वाला खर्च भी कम होगा।

# एक पहिए पर जीवन की गाड़ी

संसार में 23 जून को अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस मनाया जाता है जिससे विधवाओं की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा सके। इसकी घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा 30 जून 2011 को की गई थी। विधवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए ब्रिटेन की लुंबा फाउंडेशन सहित अनेकों व्यक्ति और संस्थाएं प्रयासरत हैं। मैं भी 25 वर्षों से अधिक समय से विधवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत हूं।



गाड़ियां दो या उससे अधिक पहियों पर चलती है। लेकिन एक पहिए से जीवन की गाड़ी चलाना कितना कष्टदायक होता है यह एक विधवा से अधिक शायद ही कोई जानता हो। विधवा शब्द ही अपने आप में मुसीबत का सबक है क्योंकि बहुत से राज्यों में अभी तक भी शुभ कार्य में विधवा की उपस्थिति को अच्छा नहीं माना जाता, उन्हें अच्छे कपड़े पहनने की मनाही होती है इसलिए सदियों से अन्याय और अत्याचार सहन करने की उन्हें मिसाल कहा जा सकता है पर क्या महिला और पुरुष को समानता का अधिकार देने की बात करने वाले इस युग में सरकारी तौर पर विधवाओं के साथ अत्याचार होना , इस व्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह नहीं है ? जी हां हम बात कर रहे हैं सरकारी तौर पर विधवाओं के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार की। जीवन की गाड़ी 2 पहियों पर चलती है जिसमें अक्सर आगे पुरुष होता है वह हट जाए तो सिर्फ एक पहिया पर जीवन की गाड़ी चलाना कितना कष्टदायक होता है इसका अंदाजा सरकारों को नहीं है। गांव देहात से आज भी बहुत सी महिलाएं शहरों में कम जाती है लेकिन 25, 30 वर्ष की विधवा महिला जिसके छोटे-छोटे बच्चे हैं। पति की मृत्यु के बाद परिवार साथ ना दे उसके जीवन में इतना बड़ा पहाड़ टूटता है उसका एहसास किसी और को हो ही नहीं सकता ।

भले ही विधवा महिला कितने भी संघर्षों और चुनौतियों का सामना कर ले पर वह पूर्ण रूप से परिवार के पालन पोषण में सक्षम नहीं हो सकती, दो वक्त की रोटी और बच्चों परिवार के लालन-पालन के लिए उसे क्या-क्या करना पड़ता है यह विधवा महिला किसी को बता भी नहीं शक्ति।

आज की आवश्यकता है सामाजिक ,आर्थिक, शारीरिक और शैक्षिक रूप से दबे कुचले समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण दिए जाते हैं दिव्यांगों, महिलाओं, पिछड़ों सहित अनेकों प्रकार के आरक्षण में भी अलग से आरक्षण दिए जा रहे हैं, लेकिन एक अकेली विधवा महिला के लिए कोई आरक्षण नहीं क्यों ? क्या विधवा महिला इसकी पात्र नहीं है। अनेकों प्रकार के आयोग बने हुए हैं लेकिन विधवा आयोग नहीं है क्यों ?

कुछ राज्यों को छोड़ दें तो अधिकतर राज्यों में आधी से अधिक विधवा महिलाओं के पास राशन कार्ड नहीं है । भारत सरकार की राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत ?20000 की आर्थिक सहायता राशि पिछले 24 वर्षों से नहीं बढ़ाई गई है और अत्याधिक कागजी कार्यवाही के कारण अधिकतर राज्यों में आधी से अधिक विधवा महिलाओं को मिल ही नहीं पाती और अगर हम केंद्र सरकार के द्वारा दी जाने वाली विधवा पेंशन की बात करे तो 2018 से राज्यों के माध्यम से ?200 दिए जाते थे वह भी 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को जो 2018 में बढ़कर ?300 किए गए, जो कि यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, क्या 40 वर्ष से कम उम्र की विधवाओं को पेंशन का हक नहीं होना चाहिए ? इसके विपरीत अगर हम देश के सांसदों की पेंशन और भत्तों की बात करें तो वर्ष 1998 में सांसदों का वेतन ?4000 था जिसे पांच बार बढ़ाकर ?100000 कर दिया है सभी राज्यों के विधायकों की भी लगभग यही स्थिति है क्या यह विधवाओं के साथ अन्याय नहीं है ?

राज्य सरकारें जरूर अपनी तरफ से इसमें कुछ राशि जोड़कर देती है, लेकिन उनके भी अपने नियम कायदे कानून है, अनेकों राज्यों में कोरोना अवधि से पहले पेंशन के लिए आवेदन ऑनलाइन नहीं थे पेंशन के लिए विधवाओं को निर्वाचित प्रतिनिधियों के चक्कर लगाने पड़ते थे, दोबारा से भी यही व्यवस्था आरंभ की जा रही है क्यों ? दिल्ली सरकार के द्वारा करोना अवधि सहित प्रतिवर्ष 10,000 से लेकर 40000 विधवा महिलाओं की पेंशन जांच के नाम पर रोक की जाती है जिसे विधवा महिलाओं को बार बार कार्यालय में चक्कर काटने पड़ते हैं, भ्रष्टाचार का सहारा लेना पड़ता है।

जिस प्रकार से कोरोना में हुई पति पत्नी या दोनों में से एक की मृत्यु के बाद उनके बच्चों को भारत सरकार से अनेकों प्रकार से पेंशन आर्थिक मदद, शिक्षा आदि दिए जाने का प्रावधान किया गया है उसी प्रकार से विधवा महिलाओं के बच्चों को भी इसी तरह के प्रावधान करके मदद नहीं दी जानी चाहिए । केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को विधवा आयोग गठित करके विधवाओं की समस्याओं की समस्याओं पर ध्यान देकर उनके समाधान का प्रयास करना अति आवश्यक है। जिस प्रकार से दिव्यांगों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के द्वारा परिवहन व्यवस्था में छूट या निशुल्क यात्रा का प्रावधान किया गया है उसी प्रकार से विधवा का भी होना चाहिए । सभी राज्यों में नियम अनुसार विधवा महिलाओं की पेंशन निर्वाचित प्रतिनिधियों अधिकारियों के अनुसार बढ़ोतरी निश्चित की जानी अत्यंत जरूरी है। केंद्र सरकार के द्वारा 40 वर्ष की बजाय 18 वर्ष की विधवा महिलाओं को भी विधवा पेंशन देने का प्रावधान किया जाना चाहिए, विधवा महिलाओं से संबंधित सभी कार्य कार्रवाई विधवा महिलाओं के घर पर आकर की जानी चाहिए। सभी प्रकार के आवेदन ऑनलाइन लेने सुनिश्चित किए जाने चाहिए। आधुनिक माध्यमों का इस्तेमाल करके विधवा महिलाओं के परिवारों का एक खाता ( यूनिक नंबर) जारी करके उसमें सभी प्रकार की परिवार की जानकारी नाम, उम्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र नंबर, जाति आदि डाली जानी चाहिए जिससे विधवा महिलाओं को किसी भी कार्य के लिए आवेदन करते वक्त सभी प्रकार के कागजात कार्यालय में जाकर जमा ना करने पड़े । वह विधवा महिला अपना यूनिक नंबर बता दे जिससे उसके सभी प्रकार के कागजात उपलब्ध हो से आवेदन कर सके यह समय की आवश्यकता और विधवा महिलाओं की जरूरत है इससे उनको अनेकों प्रकार की होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकता है।

सरकार को देना होगा हर हाल में ध्यान - तभी होगा असल में महिला सशक्तिकरण विधवाओं की समस्याओं के लिए किए गए प्रयास

विधवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयासरत। वर्ष 2002 में उपराज्यपाल कार्यालय पर दिए गए धरने सहित अनेकों बार जंतर मंतर, मुख्यमंत्री संबंधित मंत्रियों और जिला समाज कार्यालय पर उपवास, धरने प्रदर्शन किए गए,ज्ञापन दिए गए। वर्ष 2021 में गांव कादीपुर में लगातार 50 दिन तक अनिश्चितकालीन धरना दिया गया।

विधवा पेंशन योजना आरंभ करते वक्त एक विधानसभा में 20 विधवा महिलाओं को पेंशन दी जाती थी जिसे बढ़वा कर संख्या असीमित करवाई गई। विधवा पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना और विधवा की लड़की की शादी में आर्थिक सहायता आवेदन सत्यापित सिर्फ विधायक और सांसद से किए जाते थे जिसमें कई वर्षों के प्रयास के बाद शैलेशचंद्रा चेयरमैन जन शिकायत आयोग से आदेश करवा कर राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवाने की आवेदन जमा करवाने आरंभ करवाएं और फिर बगैर राजपत्रित अधिकारी के भी सीधे कार्यालय में और ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने आरंभ करवाएं गए। वर्ष 2020 में विधवाओं की पेंशन की समस्या के समाधान के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा भी किया गया।

विधवा की लड़की की शादी के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता में पारिवारिक वार्षिक आय ?60000 निश्चित की गई थी जिसे बढ़ाकर ?100000 करवाया गया। कोरोना अवधि के दौरान लॉकडाउन में लड़की की शादी के आवेदन लेने की समय अवधि की बढ़ाई गई और अभी अनेकों प्रयास किए गए।

# अपराजिता-मैडम द्रौपदी मुर्मू

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

सुश्री मायावती यूपी की फर्स्ट टाइम सीएम बनीं तो तत्कालीन पीएम श्री नरसिंम्हा राव विदेशी दौरे पर थे। किसी जर्नलिस्ट ने श्री राव से पूछा, दलित की बेटी सीएम बन गई है, कैसे संभव है? सियासी पुरोधा श्री राव ने अपनी हाजिर जवाबी में कहा, यह लोकतंत्र का चमत्कार है। बरसों पुरानी यह सारगर्भित टिप्पणी मैडम द्रौपदी मुर्मू पर सौ फीसदी खरी उतरती है। यह बात दीगर है, जिंदगी में मुर्मू को गहरे ज़ख़्म दिए, लेकिन सियासी सितारा खूब चमक रहा है। ओडिशा के इस परिचित आदिवासी चेहरे के लिए अब रायसीना की दहलीज चंद कदम दूर है। यदि यह कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए कि २१ जुलाई को मतगणना की औपचारिकता महज बाकी है। भाजपा नीत एनडीए गठबंधन ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक राष्ट्रपति पद के लिए उन्हें सर्वसम्मति से अपना प्रत्याशी घोषित करके सियासी गलियारों को चौंका दिया है। प्रतिद्वंदी के रूप में मुर्मू के सामने श्री यशवन्त सिन्हा विपक्ष के उम्मीदवार हैं। लगभग-लगभग चुनावी नतीजे मुर्मू के पक्ष में हैं। रही-सही कमी ओडिशा के सीएम श्री नवीन पटनायक और बिहार के सीएम श्री नीतीश यादव के समर्थन ने पूरी कर दी है। झारखंड की लंबे समय गवर्नर रहीं मुर्मू वहां के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की सजातीय हैं। सियासी पंडितों का मानना है, समर्थन के सामने राजनीतिक समीकरण घुटने टेक देगा। दीगर दलों का सपोर्ट मुर्मू को मिलने की भी प्रबल संभावना है। वह ओडिशा की फर्स्ट लेडी के संग-संग पहली हस्ती भी हैं, जो झारखंड में गवर्नर सरीखे संवैधानिक पद पर काबिज हुईं। मुर्मू की सादगी इस छोटे से वाक्या से साफ-साफ झलकती है, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई फोन किया तो वह निःशब्द रहीं। आंखों में बस आंसू थे। गला रूधां-सा था। मुर्मू ने अपनी बेटी इतिश्री से यह कहकर अपनी खुशी जाहिर की, बेटा-किसी आदिवासी के लिए यह सपने जैसा है। भावी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सियासी सफर ओडिशा के आदिवासी जिले मयूरभंज के कुसुमी ब्लॉक में २० जून, १९५८ को जन्मीं आर्ट ग्रेजुएट द्रौपदी मुर्मू ने अपने करियर की शुरूआत एक क्लर्क के रूप में की थी। फिर वह टीचर बन गईं। १९९७ में पहली बार निगम पार्षद बनीं ओडिशा के रायरंगपुर विधानसभा सीट से दो बार बीजेपी विधायक चुनी गईं। २००० से २००४ के बीच नवीन पटनायक सरकार में मंत्री बनीं। मुर्मू के पास परिवहन, वाणिज्य विभाग, मत्सय पालन विभाग और पशुपालन विभाग की भी जिम्मेदारी रही। २०१० और २०१३ में वह मयूरभंज की जिलाध्यक्ष भी रहीं। फिर केन्द्र सरकार ने उन्हें २०१५ में झारखंड का राज्यपाल बना दिया। १८ मई २०१५ से १२



जुलाई २०२१ तक वह इस पद पर काबिज रहीं। वह झारखंड में बतौर गवर्नर छह साल एक माह अठ्ठारह दिन रहीं। मुर्मू को ओडिशा विधानसभा ने सर्वश्रेष्ठ विधायक के लिए नीलकंठ अवार्ड से भी सम्मानित किया।

**२० को मना बर्थ-डे, २१ को भाजपा का गिफ्ट**

आदिवासी हितों की पुरोधा कही जाने वाली कद्दावर महिला शख्सियतों में मुर्मू भी शुमार हैं, लेकिन उनकी सादगी भी बेमिसाल है। बतौर गवर्नर अंतिम दिन १२ जुलाई २०२१ को वह झारखंड के राजभवन से सीधे ओडिशा के अपने पैत्रक गांव रवाना हो गईं। इस साल उन्होंने २० जून को अपनी बेटी और दामाद के संग सादगी से दिल्ली से सोलह सौ किमी दूर अपने पैत्रक गांव में जन्मोत्सव मनाया। २१ जून को उन्हें विधिवत सूचना मिली कि एनडीए उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना चाहता है। एक तरह से एनडीए ने मुर्मू को ६४वें बर्थ-डे से अगले दिन बड़ा तोहफा दे दिया। फर्श से अर्श तक पहुंचने में उन्हें करीब-करीब २५ साल लग गए। मुर्मू की छवि सख्त प्रशासक की तो है, लेकिन एकदम बेदाग है। राज्यपाल के तौर पर मुर्मू झारखंड सरकार को समय-समय पर आईना दिखाने में कभी नहीं हिचकीं।

**जिंदगी में ज़ख़्म-दर-ज़ख़्म पहाड़ की मानिंद**

मुर्मू ने जीवन में दो बेटों और पति को खोने के बाद हर बाधा का डटकर मुकाबला किया। २००९ उनके जीवन में बड़ा क्रूर बनकर आया। उनके पुत्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। वह इस सदमे से निकलने में जुटी ही थीं, लेकिन ईश्वर को कुछ और मंजूर था। महज तीन साल के अंतराल में उनके दूसरे बेटे को २०१२ में सड़क हादसे ने लील लिया। दोनों पुत्रों की मृत्यु से अरसा पहले उनके पति श्री श्याम चरण मुर्मू की हर्ट अटैक से मौत हो गई थी। द्रौपदी मुर्मू की एक ही विवाहित पुत्री इतिश्री है। वह अपने पति के साथ जमशेदपुर में रहती है। संथाल परिवार से ताल्लुक रखने वाली मुर्मू को घर चलाने और बेटी को पढ़ाने के लिए बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टीचर बनीं। बाबू बनीं। बैंक में नौकरी की। किसी तरह से अपनी बेटी इतिश्री मुर्मू को पढ़ाया-लिखाया। द्रौपदी मुर्मू अब आद्याश्री की नानी बन चुकी हैं।

**मुर्मू बोलीं, आश्चर्यचकित हूं और खुश भी**

अपनी उम्मीदवारी का ऐलान होने के बाद झारखंड की पूर्व गवर्नर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मीडिया से कहा, टीवी देखकर ही पता चला है, मुझे राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया गया है। यह एक संवैधानिक पद है। यदि मैं इस पद के लिए चुन ली गई तो संवैधानिक प्रावधानों और अधिकरों के अनुसार काम करूंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उम्मीद जताई, वह एक महान राष्ट्रपति बनेंगी। बतौर झारखंड की फर्स्ट लेडी विशेषकर विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में उनकी पारी यादगार रही है। झारखंड में उन्होंने २०१६ में उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर खुद लोक अदालत लगवाई थी, जिसमें विवि शिक्षकों और कर्मचारियों के पांच हजार मामलों का निपटारा हुआ था। बतौर गवर्नर जनजातीय मामलों, शिक्षा, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर वह हमेशा सजग रहीं। उन्होंने राज्य सरकार के निर्णयों में हमेशा संवैधानिक गरिमा और शालीनता के साथ हस्तक्षेप किया।

# जुमले का जलजला अग्निपथ बन धधक रहा है

**पंडित संदीप**

कोई भी पथ अगर जुबान से ही बन जाता तो आज तक मन की बात से लाखों पथ मिल मंजिल जोड़ रहे होते। जुबानी जाल से बुने हुए बेशुमार आधे अधूरे वादों के जंजाल को ही जुमला कहते हैं और इन बिन सिर पैर के जुमलो की एक उम्र, एक सीमा, एक हद होती है। जुमलो से हमला कर लोगो को भरमा कुर्सी हथियाने की चाल भले कमाल कर रही हो पर यह बेमिसाल, यादगार हो ऐतिहासिक बन जाएगी इतना दम जुमलो के परवाज में होता कहां है? पथ बनाने के लिए संघर्ष, साधना, तप में तपना होता है। कैमरों के आगे आंखमिचौली, टीपी से लिखा लिखाया भाषण बघारने से छणिक उत्साह का माहोल तो बनाया जा सकता है किंतु अमरत्व कदापि नहीं पाया जा सकता। वक्त के सलेट पर तमाशा पर तमाशा बातों का बताशा खूब परोसा गया, वादा था एक सिर के बदले दस सिर लाएंगे यह बात ही दिल खौला देती है, अंजाम पुलवामा में घुसकर जाबाजो के परखच्चे उड़ाने वाला आरडीएक्स कहां से आया? कौन लाया? जब खबर तक ही ना लगा पाए हुकुमरान कातिलों का चेहरा ही ना तलाश पाए तो उनका सिर काट लायेंगे यह कल्पना ही गुनाह है। काला धन वापस आएगा हर हिंदुस्तानी के खाते में पंद्रह लाख रुपए आएंगे कई हिंदवासियों की जिंदगी बदल गई यह सोच सोच कर इतने पैसों का क्या करेंगे? बिटिया का व्याह,पक्का मकान, खेत खलिहान, कर्ज उधार, खुशियों का संसार सजा लिया पर जुमलो की बुनियाद पर लाखों ख्वाब धड़ाम हो गये। नतीजा यह है कि हर हिंदुस्तानी के सर पर अब एक लाख का कर्जा इतरा रहा है। काला धन आएगा स्वीस बैंक वाले सलाखों के पीछे जाएंगे। आखिर सब बातें हैं बातों का क्या? बाते पथ नहीं बन पाई। नोटबंदी के लिए रात आठ बजे का मुहूर्त निकाल भाइयों बहनों वाला संदेश पढ़ा गया फिर क्या आननफानन में आए इस कोहराम में घरों में तबाही ला दी। अपना ही खून पसीने का जमा धन पाने के लिए बैंकों के बाहर गरीबों की कतार कायरों की तरह पुलिसिया लाठियो के दम पर लगा दी गई। अपना ही रुपया दाता के नाम पर दे का राग रटते, कराहते, पुकारते कितनों की जान कुर्बान हो गई, कितनी बहनों की डोली पर तालाबंदी भारी पड़ गई, कितनों के अरमानों का आसमान निगल गई नोटबंदी देश भले भूल गया हो, वास्तव में देश के सपनों पर ताला थी नोटबंदी। इस दर्दे दौर के बाद तालाबंदी भी मेरे हिंदुस्तान में खुली आंखों, झुकी निगाहें और बेबस आहो ने ऐसी आफत बरपाई कि मजदूर मजबूर हो गया। मजदूर दर-दर भटकता रहा तलाशता रहा,दाने-दाने को मोहताज रहा, सड़कों पर पुलिसिया कहर का नगा नाच, जंगलों में लुटेरे का तांडव, पटरियों पर चले मजदूर तो छातियों के चिथड़े उड़ा गये रेल के पहिए। मीलो मील देश के कोने-कोने से निकला मेहनतकशो का कारवां पांव के छालों को संभाले घर की तलाश में सुनामी बन बहह चला। सफर में क्या-क्या कहर नहीं सहा कहने में भी कलेजा मुंह को आता है पर बात थी बीत गई सब भूल भी गए। मौत का मेला लेकर आया फिर एक काला कानून जिसे देश किसान बिल के नाम से जानता है। देश में पहली बार ऐसा ऐसा हुआ कि खेत, खलिहान, अनाज नाते रिश्ते, घर परिवार छोड़ देश का किसान दिल्ली को घेरे खड़ा रहा एक हफ्ते दो हफ्ते दो महीने तीन महीने नहीं बल्कि पूरे साल सर्दी की सर्द रातों का सामना किसानों ने हड्डियां गलाकर,सिहरन ओढ़,सांसे जमा कर की तो बरसात में बादलों तले बैठ बादलों को चुनौती दे तन को तब तक भिगोया जब तक बादल सुख नही गए और बारी जब गर्मी की आई तो गर्मी को अपने पसीनो से भिगो बॉस लौट जाने को मजबूर कर दिया। देश दुनिया ने हठधारी हलधरो की जान जाए पर वचन न जाए की जिद्द को देखा, ऐसा ही हुआ हुक्मरान को पिघलाने के लिए आठ सौ से ज्यादा किसानों ने प्राणों को वार आहूति दी। हर रोज चिताएं उठती सुलगती जलती धधकती रही, चिताओ की कतार लगी रही। प्राणों को निछावर करने का तांता लग गया पर किसान रणवीर बने और साहेब रणछोड़ साबित हुए।

## अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

कल रात को हरिवंशराय बच्चन सपने में आए थे। पूछा झ्र बेटा तुम्हें हिंदी साहित्य में कोई रुचि है भी या नहीं या यूँ ही लिखते चले जा रहे हो। मैंने कहा झ्र आपने हिंदी साहित्य तो जरूर रचा लेकिन बेरोजगारी का मजा नहीं चखा। अब चूंकि हमारे पास नौकरी नहीं है इसलिए कोरा कागज काला कर डालने वाला टाइमपास करते हैं। हर कोई यहाँ कोरे को काला करने में लगा है। हम भी भीड़ में शामिल हो गए। इन्हीं काला करने वालों में किसी एकाध को रोजगार न सही गोरा-चिट्टा पुरस्कार तो मिल जाता है।

हम भी उसी आस में है। मेरी बातें सुन उन्होंने कहा - बेटा इस तरह टाइमपास करोगे तो काम नहीं बनेगा। जानते नहीं मैंने हिंदी साहित्य को एक से बढ़कर एक रचना दी हैं। कम से कम उसका तो अध्ययन करो। मैंने कान पकड़ते हुए कहा झ्र बच्चन जी, आप ऐसा न कहें। मैं आपका बड़ा प्रशंसक हूँ। आपका लिखा गीत झ्र मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है, मेरा सबसे पसंदीदा गीत है। मैं आपकी साहित्य साधना को ऐसे-कैसे अनदेखा कर सकता हूँ। न जाने बच्चन जी को क्या हुआ पता नहीं, वे एकदम से उखड़ गए। उन्होंने कहा झ्र बेटा! मैंने कुछ फिल्मी गीत जरूर लिखे थे, लेकिन वे साहित्य के लिए नहीं रोजी रोटी कमाने के लिए थे। तुमने कभी मधुशाला के बारे में सुना है। वह होता है सच्चा साहित्य। उसे पढ़ते तो मुझे बड़ी प्रसन्नता होती। मैंने आश्चर्य से कहा झ्र मधुशाला! उसे तो मैं क्या आज की सभी पीढ़ी पसंद करती है। उसकी बढ़ती कीमतों की परवाह किए बिना उसे खरीदने के लिए हम मरे जाते हैं। बच्चन जी ने कहा झ्र मेरा पाला भी कैसे मूर्ख से पड़ गया समझ नहीं आता। मैं आन कह रहा हूँ तो तुम कान सुन रहे हो। मैं मधुशाला पुस्तक की बात कर रहा हूँ। जिसके लिए मैं दुनिया भर में जाना जाता हूँ। मैंने स्वयं की गलती सुधारी और कहा झ्र क्षमा चाहता हूँ। मधुशाला का मतलब पीने वाली जगह से लगा बैठा। मैंने उसे ठीक से नहीं पढ़ा है, लेकिन घर के पास शराब का एक ठेका है, उसका नजारा मेरी आँखों में अभी भी समाया हुआ है। मैं समझता हूँ आपने उसमें जो बातें लिखी होंगी उसी को मैंने ठेके पास ठहरकर व्यवहार में प्राप्त किया है।

# 3 दशक बाद श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया से जीती घरेलू वनडे सीरीज, असलांका ने जड़ा शतक




**कोलंबो।** कोलंबो के प्रेमादासा स्टेडियम में श्रीलंकाई टीम ने ऑस्ट्रेलिया को चौथे वनडे में हराकर 3 दशक बाद घरेलू जमीन पर वनडे सीरीज जीत ली है। श्रीलंका को सीरीज जितवाने में चरिथ असलांका का बड़ा योगदान रहा जिन्होंने चौथे वनडे में 110 रन बनाकर अपनी टीम को पहली पारी में मजबूत स्कोर तक पहुंचाया था। श्रीलंका की शुरूआत खराब रही थी। उन्होंने 34 रन पर ही 3 विकेट गंवा लिए थे। लेकिन असलांका ने धनंजय के साथ मिलकर टीम को खराब स्थिति से बाहर निकाल लिया। धनंजय ने 61 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 60 रन बनाए। वहीं, कप्तान शनाका महज 4 रन बनाकर रन आऊट हो गए। वेललेज ने 35 गेंदों में 19 तो करुणारत्ने ने 9 गेंदों में 7 रन बनाए। अंत के ओवरों में हसरंगा ने 20 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 21 रन बनाकर स्कोर 250 के पार पहुंचाया। श्रीलंका के लिए आखिरी 3 ओवर बेहद खराब निकली जिसमें वह 10 ही रन बना पाए जबकि उन्होंने तीन विकेट भी गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कुहनेमन्न ने 2, पैट कमिंस ने 2, मिचेल मार्श ने 2 विकेट चटकाए।जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 50 ओवरों में 254 रन पर ऑल आऊट हो गई और चार रन से मैच गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 112 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 99 रन बनाए। मिचेल मार्श 26, लाबुछेन 14, एलेक्स कैरी 19 तो ट्रेविस हैड 27 रन बनाए। कमिंस ने आखिर के ओवरों में 35 रन जरूर बनाए लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। श्रीलंका ने 8 गेंदबाजों को परखा जिसमें असलांका को छोड़कर सबने विकेट निकालीं।

**ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक श्रृंखला जीत से गदगद हुए श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर**

**कोलंबो:** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटरों ने तीन दशकों में ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली श्रृंखला जीत हासिल करने के बाद खुशी व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपने विचार भी साझा किए।

चैरिथ असलांका ने मैच जीतऊ शतक बनाया जिससे श्रीलंका को कोलंबो में चौथे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर चार रन की रोमांचक जीत और तीन दशकों में शक्तिशाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पर घर पर अपनी पहली द्विपक्षीय श्रृंखला जीत के लिए मार्गदर्शन करके इतिहास बनाने में मदद मिली। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सनथ जयसूर्या ने ट्वीट किया, विजयी श्रीलंकाई टीम को 30 साल बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार श्रृंखला जीत के लिए बधाई! एक सच्चा टीम प्रयास। अच्छा किया लड़कों! बहुत भावुक महसूस कर रहा हूं। महान तेज गेंदबाज चामिंडा वास भी श्रीलंका की ऐतिहासिक श्रृंखला जीत के बाद उत्साहित थे। उन्होंने ट्वीट किया, शनका और सभी को बधाई, साथ ही साथ सहयोगी स्टाफ को भी जीत के लिए बधाई। पूरी श्रृंखला में वास्तव में आश्चर्यजनक है! आप सभी को भविष्य में शुभकामनाएं! श्रीलंका की 1996 की विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज रोशन महानामा ने भी ऐतिहासिक जीत के बाद श्रीलंका को बधाई दी।

टीम को 30 साल बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक घरेलू श्रृंखला जीत पर बधाई! एक टीम के रूप में एक साथ खेले जाने पर और बहुत कठिन समय के दौरान जनता के लिए चेहरे पर खुशी लाने के लिए शेर क्या करने में सक्षम हैं यह दिखाने के लिए बहुत अच्छा है।

## वाशिंगटन सुंदर काउंटी क्रिकेट में कर सकते हैं डेब्यू, इस टीम के लिए चौके-छक्के लगाते आएंगे नजर

**लंदन।** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर इस सत्र में लंकाशर की तरफ से इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। सुंदर का काउंटी में खेलना हालांकि उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत के चेतेश्वर पुजारा इस सत्र में पहले ही डिवीजन दो में ससेक्स के लिए खेल चुके हैं। चेन्नई के रहने वाले 22 वर्षीय सुंदर के हाथ की चोट से लगभग ठीक हो चुकी है और वर्तमान में वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं। वह जुलाई से काउंटी चैम्पियनशिप में तीन मैच खेल सकते हैं। इसके अलावा उन्हें 50 ओवरों के रॉयल लंदन कप में पूरे टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलेगा। सुंदर पिछले साल जुलाई में उंगली में चोट लगने के बाद से लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे हैं। चोटिल होने के कारण वह पिछले साल भारत के इंग्लैंड दौरे से और 2021 में इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे चरण से बाहर हो गए थे। लंकाशर वर्तमान में काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन एक की अंक तालिका में 108 अंकों के साथ सर्रे और हैम्पशर के बाद तीसरे स्थान पर है।



## एफआईएच प्रो लीग में भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को हराया

**रोटरडम।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए एफआईएच प्रो लीग के दो चरण के मुकाबले के पहले मैच में अमरीका को 4-2 से हराया। डेनियली ग्रेगा ने अमेरिका को 28 मिनट में मैदानी गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन भारत ने दीप ग्रेस एक्का (31वें मिनट), नवनीत कौर (32वें मिनट) और सोनिका (40वें मिनट) के 10 मिनट के भीतर तीन गोल की बदौलत 3-1 की बढ़त बना ली। अमेरिका ने 45वें मिनट में नताली कोनरथ के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से भारत की बढ़त को एक गोल तक सीमित किया।वंदना कटारिया ने हालांकि दूसरे हाफ के 50वें मिनट में मैदानी गोल दागकर भारत की बढ़त को 4-2 किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीम के बीच दूसरे चरण का मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा। अर्जेन्टीना की टीम पहले ही 16 मैच में 42 अंक के साथ खिताब अपने नाम कर चुकी है। टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही भारतीय टीम 13 मैच में 27 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही है।



## महान क्रिकेटर जहीर अब्बास की कोरोना के बाद सेहत बिगड़ी, आईसीएयू में भर्ती

**लाहौर।** पाकिस्तान के महान क्रिकेटर जहीर अब्बास की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें लंदन के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। क्रिकेट पाकिस्तान की एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 74 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर जिन्होंने 78 टेस्ट खेले और 12 शतकों के साथ लगभग 45 की औसत से 5000 से अधिक रन बनाए, उन्हें गंभीर स्थिति में सेंट मैरी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करवाया गया है। पूर्व टेस्ट कप्तान को दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और ऑस्ट्रेलिया की पूर्व महिला क्रिकेटर लिसा स्टालेकर के साथ 2020 में ICC हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। अब्बास यूएई से लंदन की यात्रा के बाद कथित तौर पर कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। उन्हें कुछ दिन पहले किडनी में दर्द के साथ अस्पताल लाया गया था। बाद में पता चला कि पूर्व क्रिकेटर गंभीर निमोनिया से भी पीड़ित थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब्बास को डायलिसिस और कृत्रिम श्वसन पर रखा गया है। अब्बास के प्रथम श्रेणी बल्लेबाजी के आंकड़े आश्चर्यजनक हैं। इस दिग्गज ने 459 मैचों में 34,843 रन बनाए हैं जिसमें 108 शतक और 158 अर्द्धशतक शामिल हैं। संन्यास के बाद उन्होंने एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों में आईसीसी मैच रेफरी के रूप में भी काम किया।

## एशियाई ट्रैक साइकिलिंग: रोनाल्डो सिंह ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के रोनाल्डो सिंह ने एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप के चौथे दिन पुरुषों की एलीट स्प्रिंट दौड़ स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में 10 सेकंड की बाधा को तोड़कर 200 मीटर फ्लाइंग टाइमट्रायल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया लेकिन उनके अलावा अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए यह दिन निराशाजनक रहा। इससे पहले सोमवार को एक किलोमीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले विश्व जूनियर चैम्पियन और एशियाई रिकॉर्ड धारक रोनाल्डो सिंह ने 200 मीटर फ्लाइंग टाइमट्रायल में 9.994 सेकंड का समय निकाला।

यह रिकॉर्ड पहले भी उनके नाम ही था। उन्होंने पिछले साल जुलाई में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशन कप में 10.168 सेकेंड का समय लिया था। उन्होंने लगातार दो स्प्रिंट रेस में कोरिया के जी वन पार्क को शिकस्त दी। अब सेमीफाइनल में उनके सामने कजाकिस्तान के एंड्री चुगे की चुनौती होगी। रोनाल्डो ने कहा कि कल मेरे लिए एक बड़ा दिन है क्योंकि मैं अपनी पसंदीदा स्पर्धा में से एक में चुनौती पेश करूंगा, मैं भारत के लिए पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हूं।



इससे मुझे आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए मेरी तैयारियों के बारे में भी पता चलेगा। प्रतियोगिता के चौथे दिन हालांकि छह फाइनल में कोई भी भारतीय साइकिल चालक पोडियम (शीर्ष तीन स्थान) तक नहीं पहुंच सका। भारतीय राइडर एसो एक बार फिर पुरुषों के स्प्रिंट के अपने क्वार्टर फाइनल स्पर्धा को जीतने में नाकाम रहे। चुगे से हारकर इस टूर्नामेंट में खाली हाथ रहे। हरशवीर सिंह शेखोन ने 30,000 मीटर की रेस में कोरिया के प्रतिद्वंद्वी यूरो किम और जापान के नाओकी कोजिमा को अच्छी टक्कर दी लेकिन 43 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे।

जूनियर साइकिल चालक हिमांशी सिंह ने 7.5 किमी स्क्रैच रेस में दूसरा स्थान अर्जित किया, लेकिन बाद में खतरनाक राइडिंग के आधार पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। भारत ओवरऑल अंक तालिका में दो स्वर्ण, पांच रजत और 13 कांस्य के साथ पांचवें स्थान पर है।

## दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने जीत के साथ वापसी की



**ईस्टबोर्न (इंग्लैंड)।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट ईस्टबोर्न में महिला युगल का मैच जीतकर एक साल बाद कोर्ट पर शानदार वापसी की। सेरेना ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इसके डेढ़ घंटे बाद दर्शकों ने 23 बार की ग्रैंडस्लैम एकल विजेता की जीत का जश्न मनाया। सेरेना ने अपनी जोड़ीदार ओंस जाबूर के साथ मिलकर महिला युगल के पहले दौर में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके सारा सोरिब्स टोरमो और मैरी बुजकोवा को 2-6, 6-3, 13-11 से हराया। इस जीत का मतलब है कि विंबलडन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली सेरेना को इससे पहले कम से कम एक और प्रतिस्पर्धी मैच खेलने को मिलेगा। विंबलडन सोमवार से शुरू होगा। सेरेना पिछले साल आखिरी बार इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में ही खेली थी।

## रामबाई ने तोड़ा पंजाब की मान कौर का रिकॉर्ड, 105 साल की उम्र में लगाई दौड़

**नई दिल्ली।** हरियाणा की 105 साल की धाविका रामबाई ने 100 और 200 मीटर की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जीत ली है। चरखी दादरी जिले के कदमा गांव की रामबाई ने वडोदरा में आयोजित राष्ट्रीय ओपन मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के शुरुआती दिन 100 और 200 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने इसके साथ ही दिवंगत मान कौर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिन्होंने 101 साल की उम्र में इस तरह की दौड़ में हिस्सा लिया था। रामबाई ने 100 मीटर की दौड़ को 45.40 सेकंड और 200 मीटर दौड़ को एक मिनट 52.17 सेकंड में पूरा कर 'गोल्डन डबल' हासिल किया। उनसे पहले मान कौर ने 2017 में 101 साल की उम्र में 100 मीटर की दौड़ को 74 सेकंड में पूरा किया था। रामबाई ने कहा- अब मुझे कोई रोक नहीं सकता। मैं बहुत खुश हूं। यह एक दुर्लभ अहसास है। मैं हर सुबह जल्दी उठती हूं और जॉगिंग करती हूं। मैं अपने घर के सारे काम खुद करती हूं। मैं खेतों में भी रोज काम करती हूं। रामबाई का जन्म 1917 में हुआ था, जब प्रथम विश्व युद्ध अपने चरम पर था और जॉर्ज पंचम (महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के दादा) का भारत पर शासन था। रामबाई ने एक साल पहले ही दौडना शुरू किया है और कहा कि मेरा यह प्रदर्शन मुझे अच्छा करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने हंसते हुए कहा कि अब कोई मुझे रोक नहीं सकता है। मुझे खुद पर भरोसा है। मैं अब विदेश में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहती हूं। रामबाई की पोती शर्मिला सांगवान ने कहा कि इस प्रतियोगिता में उनकी दादी के बाद दूसरे सबसे उम्रदराज धावक की उम्र 84 वर्ष है।



## BBL में विदेशी खिलाड़ियों के चयन के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुरू की 'ड्राफ्ट' व्यवस्था

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) में विदेशी खिलाड़ियों के चयन के लिए बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर 'ड्राफ्ट' व्यवस्था शुरू करने की घोषणा की। बीबीएल का नया सत्र दिसंबर में शुरू होगा जिसके लिए 'ड्राफ्ट' अगले कुछ महीनों में तैयार किये जाने की संभावना है। 'ड्राफ्ट' व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक टीम को कम से कम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन करना होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि कहा कि 'ड्राफ्ट' को सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध विदेशी खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है और इसका उद्देश्य बीबीएल को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। खिलाड़ियों की चार श्रेणियां (प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज) होंगी। इनमें प्लेटिनम श्रेणी के क्रिकेटरों को सबसे अधिक भुगतान वाले वर्ग में रखा जाएगा।




# गावस्कर को भरोसा, टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे दिनेश कार्तिक

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर को भरोसा है कि स्लॉग ओवरों के विशेषज्ञ दिनेश कार्तिक इस साल आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। गावस्कर और कार्तिक ने पिछले साल भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान कमेंट्री बॉक्स साझा किया था और महान क्रिकेटर ने खुलासा किया कि कार्तिक ने राष्ट्रीय टीम में वापस आने के लिए कितनी मेहनत की, यहां तक ??कि होटल का जिम भी छोड़ दिया क्योंकि यह काफी अच्छा नहीं था, और एक क्लब ज्वाइन किया। गावस्कर ने कहा, जब हम (उसे और दिनेश कार्तिक) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए गए थे तो हम लंच, ब्रेकफास्ट, डिनर एक साथ कर रहे थे। वहां पर वह मुझे टी20 विश्व कप के लिए भारत टीम में वापस आने की अपनी महत्वाकांक्षा के बारे में बता रहे थे। उन्होंने कहा, वह यूएई (पिछले साल टी20 विश्व कप में) के लिए लाइन में नहीं था, लेकिन इस बार (ऑस्ट्रेलिया 2022 में) वह मेलबर्न जाने वाली उड़ान का हिस्सा बनने के लिए बहुत अच्छा लग रहा है।

गावस्कर ने कार्तिक के वर्कआउट रूटीन का भी खुलासा किया, जिसमें दिमाग में परिदृश्य बनाना और उनके अनुसार अभ्यास करना शामिल था। गावस्कर ने कहा, वह मुझे बता रहे थे कि कैसे वह अपने दिमाग में परिस्थितियों का निर्माण कर रहे थे और उनके अनुसार अभ्यास कर रहे थे। उसी पर विस्तार से गावस्कर ने कहा, अगर आप 6 और 7 पर बल्लेबाजी कर रहे हैं, तो आपको 20 ओवर नहीं मिलेंगे, न कि 18 ओवर। आपको 5-6 मिलेंगे, हो सकता है कि विकेट नौ ओवर में गिर जाए। बल्लेबाजी करने के लिए उन नौ में इसके बारे में कैसे जाना है, वह क्या अभ्यास कर रहा था। गावस्कर ने इस बारे में बात की कि कैसे विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने विशेष कसरत को जारी रखने के लिए बेहतर सुविधा में दाखिला लिया। महान क्रिकेटर ने कहा, वह प्रशिक्षण भी ले रहा था इसलिए उसने होटल का जिम छोड़ दिया क्योंकि यह काफी अच्छा नहीं था। वह कुछ विशेष प्रशिक्षण करना चाहता था। उसने जाकर खुद को एक क्लब में नामांकित किया। यह आपको भारतीय टीम में वापस आने के लिए समर्पण और उत्सुकता के बारे में बताता है। जिस तरह से वह अभी खेल रहा है वह केवल प्रशंसा करेगा। आपने कड़ी मेहनत की है और यह इनाम है।



गौर हो कि हाल ही में समाप्त हुई भारत-दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला में सीमित गेंदों का सामना करने के बावजूद कार्तिक ने चार पारियों में 158.62 की स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए।

# बॉक्सर विजेंदर सिंह की पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी, इस महीने उतरेंगे रिंग में

**रायपुर।** भारत के स्टार मुक्केबाज विजेंदर सिंह देश में अपने छठे पेशेवर मुकाबले के साथ रिंग में वापसी करते हुए नजर आएंगे जब वह यहां अगस्त में 'रमबल इन द जंगल' मुकाबले में उतरेंगे। वर्ष 2008 में कांस्य पदक के साथ ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बने 36 साल के विजेंदर ने 2015 में पेशेवर बनने के बाद 8 नॉकआउट सहित 12 मुकाबले जीते हैं जबकि एक मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती 12 मुकाबलों में अजेय रहने का विजेंदर का क्रम गोवा में पिछले मुकाबले में टूट गया था। छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार के सहयोग से हो रहा यह मुकाबला रायपुर में पहली पेशेवर मुक्केबाजी स्पर्धा होगी। विजेंदर ने बयान में कहा- यह राज्य के लोगों के सामने इस खेल को पेश करने का शानदार मौका है और उम्मीद करता हूं कि इससे नई पीढ़ी के मुक्केबाज प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा- मैं अभी मैनचेस्टर में ट्रेनिंग कर रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि अगस्त में अजेय अभियान दोबारा शुरू करूंगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की मौजूदा और अगली पीढ़ी के लिए खेलों को बढ़ावा देना बेहद महत्वपूर्ण है। ओलंपिक में देश को गौरवांवित करने वाले विजेंदर सिंह के दर्जे के खिलाड़ी के आने से पूरे राज्य के युवा खिलाड़ी प्रेरित होंगे। बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होने वाले विजेंदर के इस पेशेवर मुकाबले के दौरान कुछ अन्य मुक्केबाजों के मुकाबले भी होंगे।



# तीरंदाज ज्योति सुरेखा की शानदार वापसी, क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं

**पेरिस।** 7 महीने से अधिक समय बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रही स्टार कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनाम विश्व कप चरण तीन के क्वालीफिकेशन दौर में दूसरे स्थान पर रहते हुए भारतीय तीरंदाजों के बीच शीर्ष पर रहीं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रही विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 712 अंक जुटाए और ग्रेट ब्रिटेन की इला गिब्सन के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। ज्योति के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर रही।



मिश्रित टीम भी तीसरे स्थान पर रहीं जहां ज्योति पुरुष कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा के साथ जोड़ी बनाएंगी। एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता वर्मा भारतीय पुरुष तीरंदाजों के बीच शीर्ष पर रहे।

उन्होंने क्वालीफिकेशन में छठा स्थान हासिल किया जबकि भारतीय पुरुष टीम को चौथी वरीयता मिली। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति को इस साल मार्च में राष्ट्रीय ट्रायल के बाद एशियाई खेलों की टीम और विश्व कप के पहले तीन चरण की टीम में जगह नहीं मिली थी।

एशियाई खेलों के स्थगित होने के बाद भारतीय तीरंदाजी संघ ने विश्व कप चरण तीन के लिए दोबारा ट्रायल कराने का फैसला किया जिसके बाद ज्योति ने टीम में वापसी की। अब सभी की नजरें दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी दीपिका कुमारी पर टिकी हैं जो बुधवार को रिकर्व क्वालीफिकेशन दौर में हिस्सा लेंगी। दीपिका भी पिछले साल हुए तोक्यो ओलंपिक के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रही हैं।

# विदेश संदेश

## अमेरिका भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को अहमियत देता है : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका का ''बेहद अहम'' सामरिक साझेदार है और वाशिंगटन नयी दिल्ली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को अहमियत देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने साथ ही कहा कि रूस के संबंध में प्रत्येक देश को निर्णय लेना है। रणनीतिक संचार पर व्हाइट हाउस सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदने के भारत के फैसले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हम भारतीय नेताओं को उनकी आर्थिक नीतियों पर बात करने देंगे। हम आपको केवल इतना बता सकते हैं कि हम भारत के साथ इस द्विपक्षीय संबंध को अहमियत देते हैं। प्रत्येक देश को अपने लिए निर्णय लेना है।'' उन्होंने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का जिक्र करते हुए कहा, '' ये संप्रभु निर्णय हैं लेकिन हम चाहते हैं कि रूस पर जितना भी अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाया जा सकता है, वह बनाया जाना चाहिए। (व्लादिमीर) पुतिन जो कर रहे हैं उसकी कीमत उन्हें चुकानी चाहिए।'' गौरतलब है कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अनेक देशों ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। किर्बी ने जोर देकर कहा कि भारत '' हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम रणनीतिक साझेदार है, और रक्षा तथा सुरक्षा एवं अर्थिक कई क्षेत्रों में यह साझेदारी परिलक्षित होती है। '' गौरतलब है कि यूक्रेन पर आक्रमण के बाद भारत ने खुल कर रूस की निंदा नहीं की है, हालांकि उसने लगातार कहा है कि बातचीत के जरिए समस्या का समाधान तलाशा जाना चाहिए। भारत ने कहा है कि रूस से कच्चा तेल खरीदने का उसका निर्णय देश की ईंधन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## पाकिस्तानी छात्रों का पहला जत्था पहुंचा चीन, भारतीय स्टूडेंट्स की वापसी पर ड्रैगन ने साधी चुप्पी

**बीजिंग।** कोविड-19 महामारी के प्रसार पर रोक के उद्देश्य से चीन द्वारा लगाये गए सख्त वीजा प्रतिबंधों के कारण लगभग दो साल से पाकिस्तान में फंसे पाकिस्तानी छात्रों का पहला जत्था चीनी शहर शियान आ गया है। हालांकि चीन ने बार-बार आश्वासन के बावजूद



भारतीय छात्रों की वापसी को अनुमति देने की योजना की अभी तक घोषणा नहीं की है। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान (एपीपी) ने बताया कि 90 पाकिस्तानी छात्रों को लेकर एक विमान सोमवार को शियान पहुंचा।

14 दिनों के पृथकवास से गुजरने के बाद वे अलग-अलग शहरों में अपने-अपने विश्वविद्यालय जाएंगे। चीन ने अभ्यावेदनों के बाद 250 पाकिस्तानी छात्रों को वापस आने की अनुमति देने पर सहमति व्यक्त की थी। खबर में कहा गया है कि अभी भी 6,000 पाकिस्तानी छात्र हैं जो अपनी पढ़ाई के लिए चीन वापस आने का इरादा रखते हैं। अनुमानों के अनुसार, लगभग 28,000 पाकिस्तानी छात्र चीन में पढ़ते हैं और उनमें से अधिकांश 2020 में वुहान में कोविड-19 के प्रकोप के दौरान स्वदेश लौट गए थे।

## स्टॉकहोम के शॉपिंग मॉल में लोगों पर चाकू से हमला, दो घायल, एक गंभीर

**स्टॉकहोमः** स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम के पश्चिमी हिस्से में एक शॉपिंग मॉल में एक हमलावर ने लोगों पर चाकू से हमला बोल दिया। चाकू लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की हालत नाजुक बताई गई है। पुलिस ने बताया कि उसने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। हमले में धारदार वस्तु का इस्तेमाल किया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने घायलों की उम्र 40-50 साल के बीच बताई है। पुलिस प्रवक्ता मैग्नस जानसन क्लारिन ने बताया कि अभी हमले के कारण का पता नहीं चला है।



## अफगानिस्तान में भूकंप से 280 लोगों की मौत, 500 घायल; पाकिस्तान में भी झटके महसूस किए गए

**काबुलः** अफगानिस्तान में बुधवार सुबह आए भूकंप से जान माल का भारी नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 6.1 की तीव्रता वाले इस भूकंप से कम से कम 280 लोगों की जान गई है, जबकि 500 से ज्यादा लोग घायल हो गए। S जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के खोस्त शहर से 40 किलोमीटर दूर था।

दूसरी तरफ, यूरोपियन मेडिटरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर ने बताया कि इस भूकंप का असर 500 किलोमीटर तक के दायरे में था। इस वजह से अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान और भारत में भूकंप का झटके महसूस किए गए।





**इमरजेंसी एजेंसियों से मदद की अपील-** सरकार के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने ट्वीट किया- दुर्भाग्य से, कल रात पक्तिका प्रांत के चार जिलों में भीषण भूकंप आया। जिसमें हमारे सैकड़ों देशवासी मारे गए और घायल हो गए और दर्जनों घर तबाह हो गए। हम सभी इमरजेंसी एजेंसियों से अपील करते हैं कि आगे की तबाही को रोकने के लिए इस इलाके में टीमें भेजें।

**लोगों को मलबे से निकालने का काम जारी**

सुबह अफगानिस्तान की सरकारी न्यूज के रिपोर्टर अब्दुल वाहिद रायन ने ट्वीट कर बताया था कि पक्तिका प्रांत के बरमल, जिरुक, नाका और ज्ञान जिलों में मरने वालों की संख्या 255 तक पहुंच गई है, जबकि 155 लोग घायल हैं। लोगों को मलबे से बाहर निकालने के लिए सुरक्षा बलों के हेलिकॉप्टर इलाके में पहुंच गए हैं।

**इस्लामाबाद और रावलपिंडी में भी झटके**

वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस्लामाबाद, पेशावर, रावलपिंडी और मुल्तान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए है। पाकिस्तानी में बीते शुक्रवार भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे।

## संयुक्त राष्ट्र में बोला भारत- हिंसा के लिए उकसाना शांति-सहिष्णुता और सद्भाव भावना के खिलाफ

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंसा को बढ़ावा देना शांति, सहिष्णुता और सद्भाव की भावना के खिलाफ है तथा संवैधानिक दायरे के भीतर विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का वैध प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत करने तथा असहिष्णुता का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने मंगलवार को यूक्रेन पर आयोजित, सुरक्षा परिषद की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि निस्संदेह आतंकवाद सभी धर्मों और संस्कृतियों का विरोधी है। सुरक्षा परिषद की इस बैठक का विषय 'हिंसा को उकसावे से अत्याचार अपराध को बढ़ावा' था। रवींद्र ने कहा, ''हमें कट्टरपंथ और आतंकवाद दोनों का ही सामूहिक रूप से मुकाबला करना चाहिए।' भारतीय राजदूत ने कहा कि संवैधानिक दायरे के भीतर विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का वैध प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत करने,




बहुलवाद को बढ़ावा देने तथा असहिष्णुता का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाता है। आर रवींद्र ने कहा, 'हिंसा को बढ़ावा देना शांति, सहिष्णुता और सद्भाव की भावना के खिलाफ है। भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि लोकतंत्र और बहुलवाद के सिद्धांतों पर आधारित समाज विविध समुदायों को एक साथ रहने के लिए एक बेहतर माहौल प्रदान करता है।÷उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना संयुक्त राष्ट्र की जिम्मेदारी है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों और भेदभाव के खिलाफ अभियान कुछ चुनिंदा धर्मों और समुदायों तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके दायरे में सभी प्रभावित लोगों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यूक्रेन संकट ने न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित किया है, और साथ ही यह युद्ध व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव तथा अस्थिरता पैदा कर रहा है। रवींद्र ने कहा, ÷भारत यूक्रेन में गंभीर रूप से दिन-प्रतिदिन बिगड़ते हालात को लेकर बेहद चिंतित है तथा हिंसा को तत्काल समाप्त करने और शत्रुतापूर्ण भावना को समाप्त करने के अपने आह्वान को दोहराता है। हम इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी राजनयिक प्रयासों का समर्थन करते हैं, हम विशेष रूप से यूक्रेन और रूस के बीच बातचीत का समर्थन करते हैं।' उन्होंने कहा, ''जैसा कि हमने पहले भी कहा है, हम यूक्रेन में अत्याचारों की स्वतंत्र रूप से जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान का समर्थन करते हैं।'उन्होंने खाद्य सुरक्षा पर विवाद के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए रचनात्मक रूप से काम करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

## पाकिस्तान के एंटी टेररिस्ट विभाग की चेतावनी- इमरान खान की हत्या की साजिश रच रहे आतंक

**पेशावर।** पाकिस्तान के आतंकवाद रोधी विभाग की खैबर पख्तूनख्वा इकाई ने चेतावनी दी है कि आतंकवादी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की साजिश रच रहे हैं और उन्होंने इसके लिए अफगानिस्तान में एक हत्यारे से मदद मांगी है। यह जानकारी मंगलवार को एक मीडिया रिपोर्ट में दी गयी है। उर्दू भाषा के समाचार पत्र 'जंग' की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवाद रोधी विभाग ने सभी संबंधित एजेंसियों को पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की सुरक्षा के लिए हरसंभव उपाय करने का निर्देश दिया है।



रिपोर्ट के अनुसार, CTD की खैबर पख्तूनख्वा इकाई द्वारा जारी चेतावनी में कहा गया है आतंकवादी इमरान खान की हत्या करने की साजिश रच रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने अफगानिस्तान में एक हत्यारे से मदद मांगी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह चेतावनी विभिन्न मंचों के साथ साझा की गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि सीटीडी ने 18 जून को अलर्ट जारी किया था। हालांकि, इस धमकी को गोपनीय रखने और इसे सोशल मीडिया पर लीक होने से रोकने के आदेश दिए गए थे। पीटीआई नेताओं ने हाल ही में खान के जीवन को खतरा होने की आशंका जतायी थी और दावा किया कि उनकी हत्या के लिए एक हत्यारे को काम पर रखा गया है। पीटीआई नेता फैयाज चौहान ने कहा कि 'कुछ लोगों' ने एक आतंकवादी को खान की हत्या का जिम्मा सौंपा है।

## बाइडन ने भारतवंशी को बनाया शीर्ष वैज्ञानिक सलाहकार

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक डॉ. आरती प्रभाकर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपना शीर्ष वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया है। डॉ. प्रभाकर व्हाइट हाउस के 'ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की प्रमुख बनाई गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने मंगलवार को डॉ. प्रभाकर को ओएसटीपी के निदेशक के रूप में नामित किया। अमेरिकी सीनेट की पुष्टि के बाद वह पहली महिला, अप्रवासी और अश्वेत होंगी जो ओएसटीपी का नेतृत्व करेंगी। प्रभाकर की नियुक्ति करते हुए बाइडन ने कहा कि वह एक शानदार और बेहद सम्मानित इंजीनियर और व्यावहारिक भौतिक विज्ञानी हैं। हमारी संभावनाओं का विस्तार करने, हमारी सबसे मुश्किल चुनौतियों को हल करने और असंभव को



संभव बनाने के लिए तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाने के लिए वह विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय का नेतृत्व करेंगी।

प्रसिद्ध भौतिकी वैज्ञानिक डॉ. आरती प्रभाकर एरिक लैंडर का स्थान लेंगी। 34 वर्षीय डॉ. प्रभाकर इसके पूर्व 1993 में तत्कालीन क्लिंटन प्रशासन ने राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रमुख के रूप में चुना था। इसके बाद ओबामा प्रशासन ने प्रभाकर को डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी का प्रमुख बनाया था। सीनेट से पुष्टि के बाद डॉ. प्रभाकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रपति की सहायक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार और विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रपति की सलाहकार परिषद की सह-अध्यक्ष तथा बाइडन मंत्रिमंडल की सदस्य होंगी।

**दिल्ली में जन्मीं, टेक्सास में पली बढ़ीं**

डॉ. आरती प्रभाकर का जन्म दिल्ली में हुआ था। उनका बचपन और शुरुआती पढ़ाई टेक्सास में हुई। 1984 में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पीएचडी करने के बाद वह संघीय सरकार के लिए काम करने चली गईं। उन्होंने 30 जुलाई 2012 से 20 जनवरी 2017 तक यूनाइटेड स्टेट्स डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी की प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली। वह एक गैर-लाभकारी संगठन एक्चुएट की संस्थापक और सीईओ हैं। उन्होंने 1993 से 1997 तक राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान का नेतृत्व किया और इसकी प्रमुख बनने वाली पहली महिला रहीं।

## रेल हड़ताल रोकने के लिए पीएम जॉनसन ने की समझौते की अपील, सोमवार शाम से इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में सेवाएं प्रभावित

**वाशिंगटन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने श्रमिक संघों की वेतन मांगों पर समझौता करने की अपील की है। ब्रिटेन में मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को पांच में से मात्र एक ट्रेन के चलने की उम्मीद है क्योंकि कर्मचारी हड़ताल पर हैं। बता दें कि वेतन व नौकरी सुरक्षा को लेकर कर्मचारी संगठनों और रेल कंपनियों के बीच अंतिम वार्ता विफल रहने से ब्रिटेन दशकों बाद सबसे बड़ी रेल हड़ताल का सामना करने जा रहा है। सोमवार शाम से ही इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड में सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। यात्रियों से आग्रह किया गया है कि यदि आवश्यक हो तो ही ट्रेन से यात्रा करें। इस बीच कैबिनेट की बैठक से पहले जॉनसन ने कहा, वेतन के बहुत अधिक वृद्धि की मांग मौजूदा चुनौतियों को खत्म करने में कठिनाई खड़ी कर देगी। उन्होंने कहा, अब ब्रिटिश लोगों और रेल कर्मचारियों की भलाई के लिए एक समझदार समझौता करने का समय है। तीन दिन के लिए हजारों कर्मी हड़ताल पर इस सप्ताह मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को तीन दिनों के लिए रेलवे से जुड़े करीब 40,000 सफाईकर्मी, सिग्नल व रखरखाव कर्मी और स्टेशन कर्मचारी काम नहीं करेंगे।

## अमेरिका ने चीन के शिनजियांग के उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** चीन के शिनजियांग में उइगर मुस्लिमों को बंधक बनाकर उनसे जबरन श्रम करवाने के आरोप में अमेरिका ने यहां बनने वाले कई उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध संबंधी कानून 21 जून से प्रभावी हो गया है। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने चीनी कंपनियों से कहा है कि शिनजियांग क्षेत्र का माल बेचने के लिए यह साबित करना होगा कि उन्होंने अपना उत्पाद तैयार करने के लिए किसी से जबरन श्रम नहीं कराया गया है। कपास और टमाटर सहित अमेरिका में शिनजियांग क्षेत्र के कई प्रोडक्ट्स को पहले ही प्रतिबंधित किया गया है। सरकार ने उइगर जबरन श्रम रोकथाम अधिनियम (यूएफएलपीए) को 21 जून से प्रभावी कर दिया है जो सभी आयातों पर प्रतिबंधों का विस्तार करेगा।अमेरिकी रिपब्लिकन सीनेटर मार्को रुबियो, डेमोक्रेट सीनेटर जेफ मर्कले और दो अन्य सांसदों ने कहा है कि कांग्रेस इस ऐतिहासिक कानून को पूरी तरह से और सख्ती से लागू करने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## पुतिन ने साल के अंत तक सरमत मिसाइल तैनात करने के दिए आदेश

**मॉस्को।** रूस ने हाल ही में टेस्ट की गई अपनी सरमत इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) को साल के अंत तक तैनात करने निर्देश दिया है। रूस के इस कदम से अमेरिका उसके निशाने पर आ गया है।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मंगलवार को मिलिट्री एकेडमी ग्रेजुएट्स के साथ एक ऑनलाइन बैठक के दौरान यह बयान दिया है। पुतिन ने मारक मिसाइल की तैनाती की बात ऐसे समय पर की है, जब रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के चार महीने पूरे होने वाले हैं। पुतिन ने रूस में विकसित आईसीबीएम का जिक्र करते हुए ग्रेजुएट्स से कहा कि ऐसी योजना है कि साल के अंत तक, ऐसा पहला कॉम्प्लेक्स कॉम्बैट ड्यूटी पर होगा। रूस की आईसीबीएम एकसाथ 10 से अधिक परमाणु युद्धक सामाग्री (न्यूक्लियर वारहेड) ले जाने में सक्षम है।

रूस ने इस मिसाइल का परीक्षण अप्रैल में किया था, जिसने तमाम विशेषज्ञों सहित पश्चिम की चिंता को बढ़ा दिया था।

पुतिन ने कहा कि मिसाइल की तैनाती रूसी सेना के एक बड़े विकास का हिस्सा होगी। रूसी राष्ट्रपति ने बताया कि सैनिकों को एस-500 एयर डिफेंस और मिसाइल डिफेंस सिस्टम पहले ही मिलने शुरू हो गए हैं जिनका दुनिया में कोई मिसाल नहीं है। रूस एस-500 के साथ अपने एयर डिफेंस सिस्टम में बड़े पैमाने पर सुधार कर रहा है जिसे कम समय में तैनात कर लंबी दूरी के विमानों, हाइपरसोनिक मिसाइलों और आईसीबीएम को रोका जा सकता है।

पुतिन ने यूक्रेन में जंग लड़ रहे रूसी बलों की तारीफ करते हुए कहा कि वे असली हीरो की तरह साहस और जाबांजी का प्रदर्शन कर रहे हैं।

रूस की सरमत मिसाइल अमेरिका तक परमाणु हमला करने में सक्षम है। यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस ने महाशक्तिशाली परमाणु मिसाइल आरएस-28 सरमत का परीक्षण कर सभी को चौंका दिया था। इसकी कमान रूस की स्ट्रैटजिक रॉकेट फोर्सेज के हाथ में होती है। इस मिसाइल को रूसी कंपनी मेकयेव रॉकेट डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। यह मिसाइल 2009 से अंडर ट्रायल है, इसे 2022 में ही रूसी सेना में कमीशन करने का प्लान है।

## डॉ.आरती प्रभाकर नियुक्त हुईं व्हाइट हाउस के ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की प्रमुख

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक डॉ. आरती प्रभाकर को अमेरिकी राष्ट्रपति का शीर्ष वैज्ञानिक सलाहकार बनाया गया है। दिल्ली में जन्मीं डॉ.आरती को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस के ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी (ओएसटीपी) का प्रमुख नियुक्त किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने डॉ.आरती को ओएसटीपी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया। अमेरिकी सीनेट की पुष्टि के बाद उनके हाथ में ओएसटीपी का नेतृत्व होगा। वे ओएसटीपी का नेतृत्व संभालने वाली पहली महिला, अप्रवासी एवं अश्वेत होंगी। इस समय ओएसटीपी निदेशक का प्रभार उपनिदेशक डॉ.एलोंड्रा नेल्सन के पास है। उन्हें एरिक लैंडर के स्थान पर कार्यभार सौंपा गया था। एरिक लैंडर ने इसी वर्ष फरवरी में ओसटीपी के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था। अब डॉ.आरती पूर्णकालिक रूप से एरिक लैंडर का स्थान लेंगी। डॉ.आरती की नियुक्ति की घोषणा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि वह एक शानदार और बेहद सम्मानित इंजीनियर और व्यावहारिक भौतिक विज्ञानी हैं। हमारी संभावनाओं का विस्तार करने, हमारी सबसे मुश्किल चुनौतियों को हल करने और असंभव को संभव बनाने के लिए वह विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय का नेतृत्व करेंगी। इसके अलावा वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाने की दिशा में भी काम करेंगी। सीनेट से पुष्टि के बाद डॉ.आरती विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रपति की सहायक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रपति की मुख्य सलाहकार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रपति की सलाहकार परिषद की सह-अध्यक्ष तथा बाइडन मंत्रिमंडल की सदस्य होंगी। डॉ. आरती का जन्म दिल्ली में हुआ था। शुरूआती पढ़ाई अमेरिका के टेक्सास में करने के बाद उन्होंने 1984 में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पीएचडी की। वे 30 जुलाई 2012 से 20 जनवरी 2017 तक यूनाइटेड स्टेट्स डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी की प्रमुख रहीं। इससे पूर्व उन्होंने 1993 से 1997 तक राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान का नेतृत्व किया। वे इसकी प्रमुख बनने वाली पहली महिला थीं।

